## एक नजर

### विवि की छात्रा का आईआईएम में चयन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**पन्तनगर।** विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अंतिम वर्ष की छात्रा शाम्भवी झा ने संस्थान का नाम गौरव से ऊँचा कर दिया है।



शाम्भवी का चयन प्रतिष्ठित भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) काशीपुर में एमबीए प्रोग्राम के लिए हुआ है। इतना ही नहीं, उनका आईआईएम तिरुचिरापल्ली (आईआईएम त्रिची) में मानव संसाधन (एचआर) प्रबंधन कार्यक्रम में चयन हुआ है। साथ ही वह कुछ अन्य प्रमुख आईआईएमएस की प्रतीक्षा सूची में भी शामिल हैं। अपने चार वर्षों के दौरान शाम्भवी ने न केवल अकादमिक उत्कृष्टता दिखाई, बल्कि विभिन्न सांस्कृतिक और सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभाई। अधिष्ठात्री, सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय डा. अल्का गोयल एवं शैक्षणिक सलाहकार डा. अनुपमा पांडे ने शाम्भवी की इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उनकी यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगी। शाम्भवी की इस सफलता पर विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षकगण एवं सहपाठियों ने हर्ष व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

### नगर कोषाध्यक्ष बनने पर धीरज ने जताया आभार

**काशीपुर।** भाजपा नेता धीरज वर्मा ने नगर मंडल काशीपुर का नगर कोषाध्यक्ष बनने पर जिलाध्यक्ष मनोज पाल एवं नगर अध्यक्ष मानवेंद्र मानस का आभार जताया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व द्वारा जो जिम्मेदारी मुझे दी गई है उसको निष्ठा और सच्ची लगन से निर्वाह करूंगा। बधाई देने वालों में सांसद अजय भट्ट, विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक वाली, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, खिलेंद्र चौधरी, गुरविंदर सिंह चंडोक, गिरीश तिवारी, आशीष गुप्ता, उषा चौधरी, कविता यादव, पार्षद शिवांश गोले, तरुण वर्मा, शिवकुमार गुप्ता, अमित कुमार शर्मा, सचिन मल्होत्रा आदि शामिल हैं।

### जेठ सहित चार लोगों पर धमकी देने का आरोप

**काशीपुर।** गाली-गलौच व अभद्रता कर घर से निकालने को लेकर एक महिला ने जेठ समेत चार लोगों पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है। पुलिस को दी तहरीर में घासमंडी निवासी अंजू सक्सैना पत्नी निर्भय सक्सैना ने बताया कि 18 मई की प्रात: 8 बजे उसका नन्दोई हरिशंकर सक्सैना निवासी नगीना उसके घर आया और गाली-गलौच करते हुए अभद्रता करने लगा। इतने में जब उसके जेठ संजय सक्सैना व जेठानी रितू सक्सैना, ज्योति सक्सैना पत्नी स्व. अजय कुमार सक्सैना व जेठ के पुत्र मीताक्षर सक्सैना ने उसे धमकाया और गाली गालौच करते हुए घर से निकलने को कहा। साथ ही जेठ ने अपना रूतबा दिखाते हुए अपने पास लाईसेंसी हथियार होने की बात कहते हुए उसके घर में आग लगाने के साथ बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। उसने बताया कि पूर्व में भी उसके पति की पहली पत्नी को भी इसी तरह प्रताड़ित करने उक्त लोगों ने घर से निकाला था। उसने बताया कि उक्त चारों लोगों से उसे अपनी जान का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू की है।

### मारपीट में बीच-बचाव करना पड़ा भारी

**काशीपुर।** मारपीट का बीच-बचाव करना एक व्यक्ति को महंगा पड़ गया। मारपीट कर रहे एक पक्ष के दम्पत्ति ने उस पर ईंट से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर सौंप कार्यवाही की मांग की है। मौहल्ला थाना साबिक निवासी अमित कुमार अरोरा पुत्र स्व. नन्दलाल अरोरा ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 18 मई की सायं करीब 7 बजे वह किसी कार्य से अपने काम पर से घर वापस आ रहा था कि तभी राधा-कृष्ण मंदिर के पीछे दुआ की दुकान के पास संदीप सक्सेना व राजेश सिंह के बीच लड़ाई-झगड़ा चल रहा था। वह जिम्मेदार नागरिक होने के नाते दोनों का बीच-बचाव कराने लगा किंतु तभी संदीप सक्सेना व उसकी पत्नी ने उसके साथ गाली-गलौच शुरू कर दी तथा धमकी दी कि तू भी जान से जायेगा और मारपीट शुरू कर दी। उसने बताया कि संदीप सक्सैना व उसकी पत्नी ने उसे जान से मारने की नीयत से सिर पर ईंट से हमला कर दिया जिससे उसके सिर व कान पर गंभीर चोंटे आई। अमित अरोरा ने पुलिस ने उक्त लोगों से अपनी जान-माल का खतरा बताते हुए कार्यवाही की मांग की है। उक्त घटना पास लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गयी। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच में जुटी है।

### धूमधाम से मनाई पं हरगोविंद पंत की जयंती

**अल्मोड़ा।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी पंडित हरगोविंद पंत की सोमवार को जयंती धूमधाम के साथ मनाई गई। इस दौरान जिला अस्पताल में उनकी प्रतिमा में पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। वहीं, उनके समाज सुधार के कार्यों को याद किया गया। जिला अस्पताल परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पंडित हरगोविंद पंत ने देश की आजादी के लिए अपने जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा समर्पित किया और साथ ही समाज को बेहतर बनाने के लिए कई पहल की। स्वतंत्रता आंदोलन को जन-जन में पहुंचाने में भी उनका काफी योगदान है। समाज में व्याप्त कुप्रथाओं को दूर करने में भी उन्होंने अहम भूमिका निभाई। हम सभी को उनके बताए हुए मार्ग पर चलने की जरूरत है। यहां डा. प्रमोद कुमार मेहता, डा. जीवन सिंह मपवाल, डा. मनीष पंत, डा. राहुल प्रधान, डा. नमन लोहनी, डा. पल्लवी लोहनी, डा. मोनिका समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# परवान चढ़ेगी लखपति दीदी योजना

## हरसीला के कलेक्शन सेंटर भवन का भूमि पूजन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** ग्राम पंचायत हरसीला में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं ग्रामीण उद्यम वेग वृद्धि परियोजना के माध्यम से संकल्प महिला आजीविका स्वास्थ्य सहका. रिता हरसीला के कलेक्शन सेंटर भवन का विधिवत भूमि पूजन किया। क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने कहा कि लखपति दीदी योजना जमीनी स्तर पर साकार होगी। यह सेंटर महिला उत्थान के लिए मील का पत्थर साबित होगा।



उन्होंने कहा कि यह परियोजना न केवल स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करेगी, बल्कि क्षेत्र के आर्थिक और सामा. जिक विकास को भी गति प्रदान करेगी। कलेक्शन सेंटर के निर्माण से स्थानीय उत्पादों के संग्रहण, मूल्य संवर्धन और विपणन की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति संभव हो सकेगी। महिलाएं आत्मनिर्भर होंगी तो पलायन पर भी रोक लगेगी। रोजी-रोटी के लिए लोगों को बाहरी क्षेत्र में नहीं जाना पड़ेगा। विधायक गढ़िया ने जहां विधान सभा से हर हाथ को काम देना उनका ड्रीम प्रोजेक्ट में शामिल है। जिसके लिए ग्रामीणों को आगे आना होगा। कहा कि आज मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार स्वरोजगार के लिए अथक प्रयास कर रही है। उन्होंने इस लाभ का फायदा उठाने को कहा गया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष भूपेश फर्त्याल, ज्येष्ठ प्रमुख हरीश मेहरा, ग्राम प्रधान हरीश नेगी, खंड विकास अधिकारी ख्याली राम, मोहम्मद आरिफ, प्रेम सिंह कोरंगा, गुड्डू पाठक, दान सिंह गड़िया, उमेश फर्त्याल आदि मौजूद रहे।

### सौंग-खलीधार मोटर मार्ग में डामरीकरण कार्य शुरू

**कपकोट।** राज्य योजना के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र कपकोट में सौंग-खलीधार हल्का मोटर मार्ग में डामरीकरण कार्य शुरू हो गया है। चार किमी मार्ग पर डामरीकरण व सुधारीकरण के निर्माण कार्य चार करोड़ की धरनराशि से होगा। पहले फेज में शामा बाजार से शामा विनायक धार तक मोटर मार्ग में एक करोड़, 22 लाख की लागत से डामरीकरण का कार्य तेज गति से चल रहा है। इसका शुभारंभ पूर्व जिपं अध्यक्ष राम सिंह कोरंगा ने किया। इस मौके पर क्षेत्र पंचायत भूपेंद्र सिंह, बलवंत कोरंगा, राजेंद्र कौर, मोहन कोरंगा, भूपेंद्र कोरंगा मौजूद रहे।

# रेप का केस वापस लेने से मना करने पर युवती से मारपीट

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** युवती ने एक युवक पर उसका रेप का केस वापिस लेने के लिए अपने दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करने व सबूतों से भरे दो मोबाइल छीनकर भागने का आरोप लगाया है। आईटीआई थाना पुलिस ने तहरीर के लगभग ढाई महीने बाद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है। सैनिक काला. नी क्षेत्र निवासी एक युवती ने आईटीआई थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह बाजार में किराये के मकान में रहती है। उसका पूर्व में अरुन कुमार निवासी काशीपुर से विवाद चल रहा है और उसका नैनीताल कोर्ट में रेप का केस लंबित है। 2 मार्च की शाम के लगभग 4 बजे उक्त अरून कुमार व उसके 3 दोस्त जबरन उसके फ्लैट में घुस आये और केस वापस लेने का दबाव बनाने लगे। जब उसने मना किया तो उक्त अरुन कुमार ने उसे जान से मारने की नीयत से गला दबाकर गाली-गलौज करते हुये बुरी तरह मारा-पीटा। युवती ने आरोप लगाया कि अरुन कुमार ने उसके चेहरे पर वार किया, जिससे उसके चेहरे पर भी खुली चोटें आयी थीं। उसके बाद उसने उसके दो मोबाईल छीन लिये। उन दोनों मोबाईलों में अरुन के खिलाफ केस से संबंधित पुख्ता सबूत थे। उसके तीन दोस्तों ने उसका मुंह बन्द कर रखा था, जिससे वह किसी से मदद के लिये चिल्ला न सके। उक्त तीनों से वह बामुश्किल छूटकर फ्लैट के बाहर की तरफ भागी और वहां से चिल्लाकर राह चलते लोगों से मदद मांगी। वहां पर एक लड़के ने उसकी आवाज सुनी और वह ऊपर फ्लैट में आया। तो उसके आने पर उक्त चारों मौके से भाग निकले। युवती ने कहा कि उसे उक्त अरुन कुमार और उसके परिजनों से जान-माल का खतरा बना हुआ है। उसने उसके खिलाफ कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। युवती की तहरीर के आधार पर पुलिस ने अरुन कुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 351(2), 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच एएसआई रविन्द्र सिंह के सुपुर्द की है।

### ट्यूबवेल पर नहाने गए युवक की करंट से मौत

**काशीपुर।** ट्यूबवेल पर नहाने गए एक युवक की बिजली के करंट लगने से दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है। जिला रामपुर के ग्राम दलकी बिलासपुर निवासी 40 वर्षीय इन्दर पुत्र रामभरोसे विगत दो माह से ढकिया नंबर तीन निवासी सुखवंत सिंह के यहां भूस बनाने के रीपर पर काम करता था। बीती शाम वह काम निपटाने के बाद खेत में लगे ट्यूबेल पर नहाने गया था कि उसे अचानक वहां करंट लग गया। इंदर सिंह को सुखवंत सिंह तुरंत सरकारी अस्पताल लेकर आए लेकिन डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर जाकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर इन्दर की मौत की खबर जैसे ही उसके परिवार जनों को मिली पूरे परिवार में कोहराम मच गया।

# किसानों की आय दोगुनी करने के प्रयासः अजीत सिंह

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** राज्य किसान आयोग के उपाध्यक्ष चौधरी अजीत सिंह सोमवार को जिला मुख्यालय पहुंचे। उन्होंने रेखीय विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। अधिकारी और सरकार मंशा को समझें और योजनाओं का लाभ उन्हें दें। किसानों की समस्याओं को मौके पर जाकर समझें। विकास भवन में सोमवार को आयोजित बैठक में सिंह ने कहा कि विभागीय प्रशिक्षण का लाभ हर किसान को मिले। जो किसान प्रशिक्षण ले चुके हैं उन्हें प्रशिक्षक के रूप में विभाग इस्तेमाल करें। यदि किसान तकनीकी रूप से मजबूत होंगे तो उनकी पैदावार भी बढ़ेगी। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आप लोग सब अनुभवी हैं और समझते हैं। अधिकारियों के अनुभव का लाभ किसानों को मिले यह दिखना भी चाहिए। किसान मजबूत होगा तो हमारा प्रदेश भी मजबूत होगा। बागेश्वर में कीवी, मत्स्य, दुग्ध तथा सेब उत्पादन की अपार संभावना है। यहां के कीबी की मांग बाहरी राज्यों में काफी है। गोट बैली योजना का भी लाभ किसानों को अधिक से अधिक मिले। स्वरोजगार से पलायन पर भी रोक लगेगी। रिवर्स पलायन की संभावना बढ़ेगी। इस मौके पर कृषि, उद्यान, पशुपालन, मत्स्य, डेयरी, रेशम और सहकारिता विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति ने किया वरिष्ठ सैनिकों को सम्मानित

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति काशीपुर की एक बैठक गत दिवस रामनगर रोड स्थित एक होटल में संपन्न हुई, जिसके मुख्य अतिथि डॉ. रवि सहोता थे, जबकि अध्यक्षता हरीश कुमार सिंह एडवोकेट ने की। समिति ने भारतीय सेना के वरिष्ठ सदस्यों व अधिकारियों को उनकी सेवाओं के लिए स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इनमें कर्नल अशोक चतुर्वेदी, विंग कमांडर प्रगट सिंह, कैप्टन पंकज शील सम्मिलित थे। सभी ने सेना के अपने अनुभवों से सबको परिचित कराया तथा भारतीय सेना को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर बधाई दी। इस दौरान डॉ. रवि सहोता ने प्रत्येक अवस्था में शरीर को स्वस्थ रखने की जानकारी दी, शरीर में होने वाली विभिन्न व्याधियों के कारण तथा उनके निवारण को बहुत ही सरल ढंग से प्रोजेक्टर के माध्यम से समझाया। बैठक में मुख्य संरक्षक एलपी गहतोड़ी, सुरेश शर्मा, केएस कपूर, टीका सिंह सैनी, हरि प्रकाश शर्मा, अशोक अग्रवाल, विनय शर्मा, आरसी त्रिपाठी, डीके तिवारी, अरुण वर्मा, सुरेश जोशी, विजय चौधरी, संजय चतुर्वेदी आदि मौजूद थे। संच. ालन चंद्र भूषण डोभाल ने किया।



# नरेश पांडे को निर्विरोध अध्यक्ष चुना

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**भवाली।** देवभूमि व्यापार मंडल भवाली के आगामी चुनाव में अध्यक्ष पद पर नरेश पांडे को निर्विरोध चुने जाने की घोषणा की गई है। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन की अंतिम तिथि तक उनके विरुद्ध कोई अन्य नामांकन प्राप्त नहीं हुआ। जिस कारण उन्हें सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष घोषित कर दिया गया। इस अवसर पर नगर में व्यापारी वर्ग और समर्थकों द्वारा विजय रैली निकाली गई, जिसमें सैकड़ों व्यापारियों, युवाओं और समाजसेवियों ने हिस्सा लिया।



नरेश पांडे इससे पूर्व भी व्यापार मंडल का सफल नेतृत्व कर चुके हैं। हाल ही में कराए गए एक निजी सर्वेक्षण में 90 प्रतिशत व्यापारियों ने उनके पक्ष में समर्थन जताया था। इस दौरान व्यापार मंडल के महामंत्री, उपाध्यक्ष एवं कोषाध्यक्ष पदों के लिए मतदान अब भी शेष है।

इन पदों पर एक से अधिक प्रत्याशी होने के कारण मतदान की प्रक्रिया आवश्यक है। चुनाव समिति द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, मतदान 25 मई को संपन्न होगा। इस दौरान नरेश पांडे ने कहा व्यापारियों का यह विश्वास मेरे लिए सम्मान और जिम्मेदारी दोनों है। अपने अनुभव और निष्ठा के साथ भवाली के व्यापा. रिक हितों के लिए लगातार कार्य किया जाएगा। चुनाव समिति द्वारा चुनाव की समस्त प्रक्रिया पारदर्शिता, निष्पक्षता और नियमानुसार संचालित की जा रही है।

### सट्टे की खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** कटोराताल चौकी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर सटे की खाईबाड़ी करते एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 1460 रुपए व कापी पेन बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रविवार की रात एसआई गिरीश चंद्र पुलिस टीम के साथ गश्त कर रहे थे। इस दौरान मुखबिर ने उनको सूचना दी कि ईदगाह से पहले मोड़ पर बाग में एक युवक सट्टे की खाईबाड़ी कर रहा है। टीम ने वहां छापा मारा तो एक संदिग्ध व्यक्ति मिला, जिसकी जेब से सट्टे से जुड़ी पर्चियां व 1460 रुपए बरामद हुए। पुलिस ने उसको गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपना नाम वाहिद हुसैन पुत्र मोहम्मद हुसैन निवासी काजीबाग बताया।

# जनता दरबार में 13 शिकायतें दर्ज

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आशीष भटगांई की अध्यक्षता में तहसील सभागार में आयोजित जनता दरबार में सड़क, पेंशन, पानी, स्वास्थ्य और अवैध कब्जे से जुड़ी कुल 13 शिकायतें दर्ज की गईं। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जन समस्याओं को प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें और किसी भी शिकायत की पुनरावृत्ति न हो। उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता के साथ कार्य करने और शिकायतों का नियमित फालोअप करने के निर्देश दिए। जनता दरबार में बहादुर राम, बसंत कुमार, देवराम, देवेंद्र कुमार, प्रकाश चंद्र जोशी, हीरा सिंह और अन्य लोगों ने विभिन्न समस्याएं रखीं, जिन पर संबंधित विभागों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसके अलावा जिलाधिकारी ने सीएम हेल्पलाइन और 'हैलो बागेश्वर' पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश भी अधिक. ारियों को दिए। कार्यक्रम में सीडीओ आरसी तिवारी, एसडीएम मोनिका, लोनिवि के ईई संजय पांडे, जल संस्थान, जल निगम, सिंचाई, समाज कल्याण व अन्य विभागों के अधिक. ारी उपस्थित रहे।



# ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर गर्व

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा में भाजपाईयों ने सोमवार को सिंदूर सम्मान यात्रा का आयोजन किया। भाजपा महिला मोर्चा की ओर से आयोजित सम्मान यात्रा नगर के मालरोड स्थित चौघानपाटा से शहीद तिराहा तक निकाली। यात्रा में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हाथो में तिरंगा लिए भारत माता की जय के नारे लगाते हुए चल रहे थे। मौके पर महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष लीला बोरा ने कहा कि सिंदूर सम्मान यात्रा ने यह संदेश दिया कि देश की रक्षा केवल सैनिक ही नहीं, बल्कि उनके परिवार, खासकर महिलाएं, भी कर रही हैं।



उनका धैर्य, बलिदान और देशभक्ति समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकार मात्र 90 मिनट में ही पाकिस्तान के 11 एयरबेस ध्वस्त किए गए और 100 से अधिक आतंकियों का सफाया कर भारत की सुरक्षा को मजबूती प्रदान की गई। कहा कि ऑपरेशन सिंदूर की सफलता ने हर देशवासी का सर गर्व से ऊंचा कर दिया है। महिला मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष किरन पंत ने कहा कि इस आयोजन ने ना सिर्फ वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि देशभर की माताओं, बहनों और पत्नियों के अदृश्य योगदान की भी सराहना की। सम्मान यात्रा में विधायक जागेश्वर मोहन सिंह मेहरा, नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, धमेंद्र बिष्ट, हरीश कनवाल, लोकेश कालाकोटी, रवि रौतेला, बिट्टू कर्नाटक, कुंदन लटवाल, आनंद कनवाल, अमित बिष्ट, रवि चौहान, सुंदर मटियानी, संजय बिष्ट, नवीन बिष्ट, ललित लटवाल, राहुल खोलिया, किशन सिंह बिष्ट, त्रिलोचन जोशी, मनीष बिष्ट, मंगल बिष्ट समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# रोडवेज स्टेशन पर मनचले ने महिला से की छेड़छाड़

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** नगर के माल रोड में रोडवेज स्टेशन पर खड़ी एक बस में युवक ने महिला यात्री से छेड़-छाड़ कर दी। विरोध करने पर युवक ने

### विरोध करने पर महिला के परिजनों से मारपीट

महिला और उसके परिजनों के साथ हाथपाई की। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस हंगामा काट रहे युवक को पकड़कर कोतवाली ले गई। हंगामे के चलते बस करीब एक घंटा देरी से अपने गन्तव्य को रवाना हुई। सोमवार को अल्मोड़ा से गुरुग्राम जाने वाली बस माल रोड स्थित स्टेशन पहुंची। इस बीच गुरुग्राम जाने वाले यात्री बस में बैठे। बस में एक मनचला भी सवार हो गया, बताया जा रहा है कि मनचला नशे में था। नशे में मनचले ने बस में सवार एक महिला यात्री से छेड़छाड़ शुरू कर दी। विरोध करने पर शराबी हाथापाई में उतर गया। आरोप है कि इस बीच मनचले ने महिला और उसके परिजनों के साथ मारपीट कर दी। इससे काफी देर तक वहां अफरा तफरी का माहौल रहा। बाद में भीड़ ने मनचले की जमकर धुनाई कर दी। कोतवाल योगेश चंद्र उपाध्याय ने बताया कि सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस युवक को पकड़कर कोतवाली लेकर पहुंची, युवक का मेडिकल कराया जा रहा है। फिलहाल मामले में किसी भी ओर से तहरीर नहीं मिली है।

# मोटरमार्ग न बनने पर आक्रोश मुख्यालय में ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** कांडे पंचायतघर से तल्ला डोबा तक मोटर मार्ग नहीं बनने से लोगों में आक्रोश है। सड़क की मांग को लेकर तल्ला डोबा के ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। सोमवार को गांव के ग्राम प्रधान प्रशासक के नेतृत्व में आए ग्रामीणों ने कहा कि महज दो किमी सड़क नहीं बनने से करीब 50 परिवार परेशान हैं। सबसे अधिक परेशानी बीमार तथा प्रसव पीड़िताओं को लाने में होती है। उन्होंने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर लोनिवि को सड़क निर्माण के निर्देश देने की मांग की है। वक्ताओं ने कहा कि ग्राम स्यालडोबा जिला मुख्यालय से 15 किमी दूरी पर स्थित है। ग्राम सभा में तल्ला डोबा भी स्थित है। यह तोक कांडे से लगा हुआ है।

वर्तमान में कांडे तथा तल्ला डोबा को मिलाकर 50 परिवार रहते हैं। बागेश्वर-दफौट मार्ग से तल्ला डोबा की दूरी मात्र दो किमी है। इसके बावजूद गांव सड़क सुविधा से वंचित है। इस मार्ग के लिए ग्रामीण कई बार आंदोलन कर चुके हैं, लेकिन विभाग उनकी मांगों की अनदेखी कर रही है। सड़क के अभाव में बीमार तथा बुजुर्गों को अस्पताल पहुंचाने में दिक्कत हो रही है। प्रसव पीड़ितों को लोग डोली में लाने को मजबूर हैं। रोजगार की तलाश में युवा गांव से पलायन कर रहे हैं। ऐसे में उनकी परेशानी दोगुनी हो गई है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 में कांडे से तल्ला डोबार के लए ढाई किमी सड़क स्वीकृत हुई। विभाग ने सर्वे भी किया, लेकिन कांडे के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। इसके बाद ग्रामीणों की अनापत्ति देकर दूसरी सर्व की गई। ग्रामीणों ने खुली बैठक में सड़क निर्माण के लिए अपनी सहमति जताई। इसके बावजूद सड़क नहीं बन पाई। ग्रामीणों ने कांडे पंचायतघर से तल्ला डोबा तक सड़क निर्माण की मांग की है। मांग करने वालों में बसंती देवी, बहादुर राम, आशा तिवारी, मीरा पांडे, हयात राम, चंदन सिंह, आरसी तिवारी आदि मौजूद रहे।

# जगदीशिला डोली यात्रा का बागनाथ मंदिर में स्वागत

**बागेश्वर।** विश्वनाथ जगदीशिला डोली यात्रा का बागनाथ मंदिर में भव्य स्वागत किया। 13 जिलों में 30 दिन तक चलने वाली यात्रा रविवार की शाम गरुड़ पहुंची। यहां लोगों ने डोली का भव्य स्वागत किया। सोमवार को यात्रा बागनाथ मंदिर बागेश्वर पहुंची। यात्रा के स्वागत के लिए पहले से ही लोग बागनाथ मंदिर में एकत्र थे। ढोल दमाऊ के साथ यात्रा का स्वागत कर लोगों ने डोली की पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया। महिलाओं ने डोली के आगमन पर भजन-कीर्तन किए। यात्रा के संयोजक पूर्व केबिनेट मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी ने बताया कि एक महीने के भ्रमण के दौरान यात्रा दस हजार पांच सौ किमी का सफर तय करेगी। उन्होंने कहा कि यात्रा का उद्देश्य विश्व में शांति व खुशहाली कायम हो, देव संस्कृति की रक्षा हो, उत्तरखंड के चार धामों के साथ-साथ हजार धामों की स्थापना हो, देववाणी संस्कृत के उन्नयन के लिए हजार संस्कृत विद्यालय खुलें, हजार ध्यान केंद्र स्थापित हो, बंजर खेतों एवं भूमि का सदुपयोग हो, पलायन रुके, डोली द्वारा पूरे उत्तराखंड में 378 देवालयों जिनको डोली के इन 26 वर्षों में चिह्नित किया उनका नाम एवं वर्णन सरकार अपनी पर्यटन पुस्तक में सम्मिलित करने का है। इसके बाद यात्रा कांडा भद्रकाली मंदिर पहुंची। यहां पहली बार यात्रा पहुंचने पर लोगों में अधिक जोश देखा गया। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवत डसीला, पूर्व जिपं सदस्य हरीश ऐठानी, पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, कुंवर सिंह राणा, रोशनी नैथानी, कुशुम सकलानी, परमवीर सिंह, श्याम लाल, दनी लाल साह, मनोज राणा, कैलाश पति, ज्योत सिंह कैंतुरा आदि मौजूद रहे।

### ध्यान के फायदों से जवानों को कराया अवगत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा कुशलता एवं दक्षता से कार्यो के सम्पादन के लिए पुलिस जवानों को मानसिक रुप से स्वस्थ, सुदृढ़ एवं सक्रिय बनाने के लिए फिटनेस अभियान एवं तनाव प्रबंधन से संबंधित कार्यशालाओं का आयोजन कराने के निर्देश दिए है। इसी के तहत सोमवार तक पुलिस जवानों को तनाव रहित लाइफ एवं तनाव प्रबंधन के साथ-साथ लाइफ सेल्फ मैनेजमेन्ट के तहत पुलिस लाइन अल्मोड़ा में श्री रामचंद्र मिशन 03 दिवसीय ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यशाला के दौरान जवानों को तनाव रहित लाइफ एवं तनाव प्रबंधन के साथ ही लाइफ सेल्फ मैनेजमेन्ट के बारे में बताते हुए ध्यान के फायदे से अवगत कराया गया। कहा कि ध्यान करने से तनाव, चिंता और अवसाद कम होता है।

# 17 किलो गांजा संग दो दबोचे

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** ड्रग्स फ्री देवभूमि मिशन के तहत पुलिस का जिलेभर में चेकिंग अभियान जारी है। चेकिंग के दौरान सल्ट पुलिस ने चिमटाखाल तिराहे के पास दो गांजा तस्करी करते हुए बदायूं के दो भाइयों को दबोच लिया। आरोपियों के कब्जे से पिकअप में रखे 16.895 किलो गांजा बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार सल्ट थानाध्यक्ष प्रमोद पाठक के नेतृत्व में टीम ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान चिमटाखाल तिराहे के पास एक पिकअप वाहन संख्या यूके 01 सीए 0780 को रोका गया। जिसमे में तीन कट्टों में सब्जियां भरी हुई थी। पुलिस ने वाहन की तलाशी ली तो सब्जियों के कब्जे में आरोपी विशाल सिंह पुत्र चन्द्रभान सिंह और भूरे पुत्र सुरेन्द्र, निवासी ग्राम वजीरगंज रेहडिया थाना वजीरगंज जिला बदायूं उत्तर-प्रदेश हाल रामनगर जिला नैनीताल के कब्जे से 16.895 किलो गांजा बरामद की गई। मौके पर पुलिस ने गांजे को सील कर आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया। बरामद गांजे की कीमत 4 लाख 22 हजार 37 रुपये आंकी गई। पुलिस ने बताया कि आरोपी आपस में चचेर भाई है। टीम में एसआई कमित जोशी, एएसआई लोमेश कुमार, हेड कांस्टेबल सुरेश चन्द्र, संजू कुमार, कांस्टेबल अमरेन्द्र कुमार शामिल रहे। सल्ट थानाध्यक्ष ने बताया कि आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि व लोग गांजा सराईखेत से खरीदकर रामनगर ले जा रहे थे। जिसे वहां युवाओं को ऊंचे दामों में बेचकर मुनाफा कमाने का इरादा था। चेकिंग के दौरान गिरफ्त में आए। उन्होंने बताया कि दोनों आरोपियों के बारे में पुलिस द्वारा आवश्यक जानकारी जुटाई जा रही है।



# नए-नए फरमान जारी कर विक्रेताओं को परेशान करने का आरोप

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** पर्वतीय सस्ता गल्ला विक्रेता संघ की सोमवार को नंदा देवी मंदिर परिसर में बैठक हुई। बैठक में गल्ला विक्रेताओं की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। सरकार पर नए नए फरमान जारी कर विक्रेताओं को परेशान करने का आरोप लगाते हुए नारेबाजी की। बैठक में संघ के जिलाध्यक्ष संजय साह रिक्खू ने कहा कि सरकार ने अब तक विक्रेताओं के लंबित बिलों का भुगतान नहीं किया है। जिससे विक्रेताओं को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, नए-नए फरमान जारी कर विक्रेताओं को परेशान करने का काम किया जा रहा है। जिससे विक्रेताओं में रोष व्याप्त है। मौके पर सभी गल्ला विक्रेताओं ने पीओएस मशीन का भी विरोध किया। चेतावनी दी कि जल्द समस्याओं का समाधान नहीं होने पर आगामी एक जून से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरु कर दी जाएगी। जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। यहां बैठक में दिनेश गोयल, मनोज वर्मा, केसर खन्नी, अभय साह, सुरेश सांगा, नारायण सिंह, प्रकाश भट्ट, विपिन तिवारी, भीमा पवार, संदीप नंदा, इंद्र डसीला, नवीन सुयाल, पान सिंह सांगा, नंदन सिंह, लक्ष्मी भट्ट, गोपाल सिंह, खड़क सिंह रहे।



# इनोवा कार और बाइक की टक्कर से युवक की मौत

**■ बाईपास पर मरम्मत कार्य के चलते एक साइड रोड था बंद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** देर रात्रि गदरपुर बाईपास पर इनोवा कार और मोटरसाइकिल की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक को साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया। शिनाख्त के लिए ड्राइविंग लाइसेंस के जरिए परिजनों को सूचना दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार निकटवर्ती ग्राम मोतीपुर तिराहा एन एच 74 पर बीती रात नगीना मरजालीपुर चौहार (बिजनौर) निवासी 28 वर्षीय रिंकु पाल पुत्र शीशराम अपनी मोटरसाइकिल स्प्लेंडर प्लस UP20 CC 4953 पर सवार होकर काशीपुर की ओर से रुद्रपुर की ओर जा रहा।

वहीं गदरपुर बाईपास पर सड़क मरम्मत का कार्य गतिमान भी है, जिसकी वजह से फोरलेन हाइवे को टू लेन पर ही आवागमन जारी किया गया है। इस दौरान रुद्रपुर की ओर से काशीपुर की और जा रही इनोवा UP 22 BC 9977 की बाइक सवार के साथ जोरदार टक्कर हो गई, जिस पर रिंकू पाल गम्भीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी, जिस पर थाना अध्यक्ष जसवीर चौहान व उप निरीक्षक मुकेश मिश्रा मौके पर पहुच गए और राहगीरों की मदद से घायल युवक को गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया, जहां डॉक्टरों ने घायल युवक को मृत घोषित कर दिया।

पुलिस द्वारा युवक के ड्राइविंग लाइसेंस की मदद से युवक की विषय में जानकारी हासिल करते हुए परिजनों तक युवक के एक्सीडेंट की सूचना पहुंचाई।

देर रात परिजनों के आने के पश्चात युवक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। मृतक रिंकु पाल रुद्रपुर में किराए पर रहते हुए सिडकुल की एक कम्पनी में नौकरी करता था साथ ही दो वर्ष पूर्व ही युवक का विवाह हुआ था।

मृतक रिंकु पाल अपने पीछे भरे पूरे परिवार सहित अपनी गर्भवती पत्नी को रोता बिलखता छोड़ गया।

# अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिले योजना का लाभ: कर्णवाल

**■ उपाध्यक्ष समाज कल्याण योजना अनुश्रवण समिति ने ली समीक्षा बैठक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्तियों को मिले इसके लिए अधिकारी अपसी समन्वय व सकारात्मक सोच के साथ के साथ कार्य करें। यह बात उपाध्यक्ष समाज कल्याण योजना अनुश्रवण समिति देशराज कर्णवाल ने विकास भवन सभागार में समीक्षा बैठक में कही।

उपाध्यक्ष कर्णवाल ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर व पं. दीनदयाल उपाध्याय की सोच के



अनुसार कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने जहां एक देश एक कानून कायम करते हुए कश्मीर से 370 हटाया वहीं सूबे मुख्यमंत्री ने समान नागरिक सं. हता प्रदेश में लागू किया। केन्द्र व प्रदेश सरकार कल्याणकारी योजनाओं को लाभ अन्तिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है, ताकि गरीब, अनुसूचित जाति, जनजाति के व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ देकर उन्हे समाज की मुख्यधारा से जोड़ा जा सकें। इसलिए हम सभी को सकारात्मक सोच के साथ आपसी समन्वय बनाते हुए गरीब तबके को योजनाओं का लाभ देकर उनके जीवन उत्थान अपना महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

उपाध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के 95 ब्लाक व 105 नगर निकायों में शीघ्र समाज कल्याण व अन्य विभागीय योजनाओं का लाभ देने हेतु शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होने कहा कि शिविरों के आयोजनों से पूर्व समाज कल्याण विभाग सभी पात्र लोगों की सूची बनाकर उन्हे योजनाओं से लाभान्वित करें। जन कल्याणकारी योजनाओं की जानक.ारी हेतु जनपद से ग्राम स्तर तक पोस्टर, बैनर व अन्य माध्यमों से वृहद प्रचार-प्रसार किया जाए। बैठक पूर्व उपाध्यक्ष ने आश्रम पद्धति विद्यालय का निरीक्षण किया व जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र स्वीच थैरेपी एवं फिजीयो थैरेपी कक्ष का शुभारम्भ किया।

बैठक में पूर्व विद्यायक राजेश शुक्ला, हज कमेटी के अध्यक्ष अतीक अहमद, प्रदेश महामंत्री अल्संख्यक मोर्चा अनीस गौड़, प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज खान, जिलाध्यक्ष जुल्फकार अली, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी केएस रावत, मुख्य उद्यान अधिकारी प्रभाकर सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकारी आरडी मठपाल, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आशुतोष जोशी, एसीएमओ डा. एसपी सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा. आलोक शुक्ला, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, जिला क्रीडा अधिकारी जानकी कार्की, जिला प्रोवेशन अधिकारी व्योमा जैन, जिला सेवायोजन अधिकारी राजेश दुर्गापाल, अधिशासी अभियंता लघु सिंचाई सुशील कुमार, सिंचाई आनन्द सिंह नेगी, विद्युत उमाशंकर चतुर्वेदी, पेयजल सुनील जोशी, तरूण शर्मा, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत गणेश भट्ट, एआरटीओ नवीन सिंह, जिला पंचायतराज अधिकारी महेश कुमार, जिला पर्यटन विकास अधिकारी लता बिष्ट सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## एक नजर

### खटीमा में राशन कार्डों का सत्यापन कार्य प्रगति पर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वर्तमान में राशन कार्डों का सत्यापन प्रगति पर चल रहा है। जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में नोडल अधिकारी/उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट के दिशा निर्देश में तथा खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग, पंचायत विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र सिंह धामी के नेतृत्व में खटीमा में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा तथा अंत्योदय राशन कार्डों का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। जिसमें अभी ग्रामीण



क्षेत्रों का सत्यापन कार्य किया जा रहा है। यह सत्यापन कार्य खटीमा में 30 अप्रैल 2025 से किया जा रहा है। इसके बाद टाउन एरिया का सत्यापन कार्य किया जाएगा। टीम में चारों न्याय पंचायतों से चार ग्राम पंचायत सेक्रेटरी तथा राजस्व विभाग से लेखपालों को शामिल किया गया है। वहीं क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी धर्मेंद्र सिंह धामी के अनुसार 17 मई 2025 तक 444 अंतोदय कार्डों का सत्यापन किया गया जिसमें 428 राशन कार्ड पात्र पाए गए। वहीं 3747 राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अंतर्गत आने वाले राशन कार्डों का सत्यापन किया गया, जिसमें 3538 राशन कार्ड पात्र पाए गए। कुल मिलाकर 16 अंत्योदय कार्ड अपात्र तथा 209 राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के कार्ड अपात्र पाए गए तथा कुल मिलाकर 225 राशन कार्ड पात्र पाए गए। वहीं उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के राशन कार्डों का सत्यापन कार्य पूर्ण होने के बाद टाउन एरिया में राशन कार्डों का सत्यापन कार्य किया जाएगा। राशन कार्ड सत्यापन टीम में पूर्ति निरीक्षक हयात सिंह बुंगला, ग्राम पंचायत सेक्रेटरी रमनदीप ग्रेवाल, नेहा जोशी, राकेश पंत, तनुज धामी तथा लेखपाल नवनीत चौहान व लोहनी आदि शामिल हैं।

### भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने बोर्ड परीक्षाओं में चमक बिखेरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** भानु प्रताप पब्लिक स्कूल ने हाल ही में आयोजित बोर्ड परीक्षाओं में बिना किसी कंपार्टमेंट के 100 प्रतिशत उत्तीर्णता दर प्राप्त करके और 75 प्रतिशत छात्रों को ए ग्रेड (85-89 प्रतिशत) प्राप्त करके एक बार फिर अपनी उत्कृष्टता साबित की है।




ईश राजेंद्र सक्सेना ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा में टॉप किया। ऋषभ यादव ने 94.6 प्रतिशत और मो. हंती ने 94.6 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरा स्थान हासिल किया। ध्रुव सिंह कंधारी ने 93.4 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। अच्छे अंकों के साथ प्रतीक पांडे ने 92.4, अब्दुल वाजिद ने 92.2, सुमित कांडपाल ने 91.2 और अजीम खान ने 90.3 प्रतिशत अंक हासिल किए। भानु प्रताप पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल ने छात्रों की कड़ी मेहनत और प्रशिक्षण के लिए उनके अथक प्रयासों पर बहुत गर्व व्यक्त किया। कहा हमारे छात्रों ने अपनी लगन और पढ़ाई से हमें गौरवान्वित किया है। ये परिणाम हमारे स्टाफ, छात्रों और लक्ष्यों के संयुक्त प्रयासों का प्रमाण हैं। निरंतर उत्कृष्टता और सर्वांगीण विकास के साथ, भानु प्रताप पब्लिक स्कूल क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रतीक बन गया है।

### बीएड छात्र-छात्राओं का हुआ विदाई समारोह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** आरएलएसएम महाविद्यालय किशनपुर जसपुर में बीएड संकाय के चतुर्थ सेमेस्टर पूर्ण होने पर महाविद्यालय द्वारा विदाई पार्टी का आयोजन किया गया, जिसमें अध्ययनत्र छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। महाविद्यालय की प्रधानाचार्य डा.



भुवनेश कुमारी द्वारा विदाई समारोह पर अपने संबोधन में समस्त चतुर्थ सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं को बधाई दी और उनके आने वाले उज्जवल भविष्य की कामना की। विदाई पार्टी में महाविद्यालय के बच्चों को भी सम्मानित किया गया, जिसमें मिस फेयरवेल ममता तिवारी व मिस्टर फेयरवेल कार्तिक मेहरा को चुना गया। छात्र-छात्राओं द्वारा भी अपने शिक्षकों को डायरी पेन देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मंच का संचालन छात्र अरमान अली द्वारा किया गया। समारोह में सचिव इंजीनियर विनय चौहान, गीता चौधरी, मोहम्मद सलीम, विपिन चौहान, विवेक कुमार वत्सल, प्रीति वर्मा, निकिता, दीपक कुमार, राजवीर सिंह चौहान, मोहम्मद राशिद आदि उपस्थित रहे।

### दो पर बिजली चोरी में मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** ऊर्जा निगम द्वारा बिजली चोरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। एसडीओ अंबिका यादव ने बताया कि रविवार को पलीभीत रोड पर अभियान चलाया गया था। यहां बर्फ फैक्ट्री मुंडेली के पास दो लोगों को बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिसमें जगदीश सिंह व विक्रम सिंह शामिल थे। पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफ बिजली चोरी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एम.के. वाटर प्रूफिंग

मकान की वाटर प्रूफिंग, छत का टपकना, दीवारों पर सीलन आना, लिन्टर पर दारार से पानी आना, बेसमेन्ट में पानी या सीलन आना, किचन व बाथरूम लिकिज होना, फ्लोर ओपोक्सी व ब्रिक ओवा भी किया जाता है। प्रो. महबूब भाई

बिलासपुर रोड, रूद्रपुर (ऊ.सिंह नगर)
मो.: 9012051994, 6399038125

# बेटा गया बाहर, तो बहू पर डोल गई ससुर की बुरी नजर

## बेटा गया नौकरी पर, तो कई बार जबरन किया दुष्कर्म, दी बदनाम करने की धमकी

**■ बहू को पाने के लिए बेटे पर किया जानलेवा हमला**

**■ पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने किया मुकदमा दर्ज**




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** इंसानियत के रिश्ते धीरे-धीरे खत्म होते जा रहे हैं। एक पिता ने पुत्र की गैर मौजूदगी में बहु के साथ कई बार जबरन दुष्कर्म किया। पिता लगातार पुत्र के विदेश में होने का फायदा उठाता रहा। थक हारकर महिला पुलिस की चौखट पर पहुंची और इस जिल्लत की जिंदगी से बचाने की गुहार लगाई। पुलिस ने पीड़िता की फरियाद को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म समेत संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार नगर निवासी एक महिला ने पुलिस की चौखट पर अपना दुखड़ा सुनाते हुए बताया कि नौ वर्ष पूर्व उसका विवाह मोहल्ला पट्टी चौहान निवासी एक व्यक्ति के साथ हुआ था। उसकी दो बेटियां हैं। विवाह के कुछ माह बाद ही उसका पति विदेश में काम करने चला गया था। वह अपने ससुराल में ही रह रही थी। पति के पीछे उसका ससुर बुरी नजर रखने लगा था। कई बार अश्लील हरकत की। विरोध किया तो धमकी दी कि यदि मेरी बात नहीं मानी तो वह उसे समाज में बदनाम कर देगा। आरोप है कि ससुर ने डरा धमकाकर उसके साथ कई बार दुष्कर्म किया। इसकी शिकायत उसने सास से की तो वह उल्टा उसे ही डांट कर मुंह बंद रखने को कहने लगी। पीड़िता ने बताया कि कुछ दिन पहले ही उसका पति विदेश से घर आया तो ससुर ने मामला पति से बताने पर जान से मारने की फिर से धमकी दी। इस डर से वह अपने पति के साथ किसी अन्य स्थान पर रहने चली गई। लेकिन ससुर ने उसका पीछा वहां भी नहीं छोड़ा। आरोप है कि 12 मई को पति के साथ रिश्तेदारी में दावत खाने गई थी कि तभी उसके ससुर ने पति पर जानलेवा हमला कर घायल कर दिया। धमकी दी कि उसकी बात नहीं मानी तो इससे भी बुरा अंजाम भुगतना पड़ेगा। वहीं सीओ, काशीपुर-जसपुर दीपक सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर बीएनएस की धारा 64(1) दुष्कर्म, 115(2), 351(2) एवं 352 में रिपोर्ट दर्ज की गई है। पुलिस टीम आरोपों की जांच कर रही है। दोषी को बख्शा नहीं जाएगा।

# दो लाख न देने पर पत्नी पर किए चाकू से वार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** दो लाख रुपये नहीं मिलने पर पति ने सड़क पर ही चाकू से कई वार कर पत्नी को गंभीर रूप से घायल कर दिया। भीड़ एकत्र होता देख पति भाग गया। घायल महिला को जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। पीड़िता ने ससुरालियों पर दहेज के लिए प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पति सहित पांच ससुरालियों पर केस दर्ज किया है।

मुरादाबाद के शाला बिलारी निवासी सलोनी ने ट्रांजिट कैंप थाने में दी तहरीर में बताया 15 जून 2024 को उसकी शादी सुनील के साथ हुई थी। एक माह बाद सास कमलेश, जेठ अनिल, ससुर भारत सिंह, ननद काजल और पति सुनील उनको कम दहेज लाने का ताना देने लगे। विरोध करने पर मारपीट करते थे। परेशान होने पर उसने पिता को उत्पीड़न की बात बताई। सात मई को दादा उग्रसेन उसे ससुराल से शिव नगर रुद्रपुर ले आए थे। उसके ससुर और ननद भी रुद्रपुर में ही नौकरी करते हैं। 17 मई को वह दूध लेने नजदीक में दुकान पर गई थी। वहां पति ने उससे दो लाख रुपये की व्यवस्था करने की बात कही। इन्कार करने पर पति ने उस पर चाकू से हमला कर दिया। उनके गले और शरीर के कई हिस्सों पर वार किया। चीख पुकार पर भीड़ एकत्र होता देख पति मौके से भाग गया। उसे जिला अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद हल्द्वानी रेफर कर दिया गया। महिला ने पति पर जान से मारने की मंशा से हमला करने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह कोई काउंसलिंग नहीं चाहती है। पुलिस ने पति, सास, जेठ, ससुर और ननद पर केस दर्ज कर लिया है।

# सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** भारतीय सेना के सम्मान एवं ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर सोमवार को सितारगंज में भाजपा कार्यकर्ताओं, नगर के विभिन्न विद्यालयों के छात्रों, पूर्व सैनिकों ने क्षेत्र के लोगों के साथ मिलकर तिरंगा यात्रा निकाली।

सोमवार को तिरंगा यात्रा महाराणा प्रताप चौक, मुख्य चौक होते तिरंगा चौक पहुंची। इस दौरान भारतीय सेना के सम्मान में नारेबाजी करते हुए भारत माता की जय के नारों के साथ पाकिस्तान मुर्बाबाद के नारे लग रहे थे। तिरंगा लेकर चल रहे लोगों स्वागत हुआ। पहलगाम में आतंकी हमले के बाद आर्तंकियों ने पाकिस्तान को सबक सिखाने को लेकर आपरेशन सिंदूर के सफल होने व पाकिस्तान को धूल चटाने के बाद भारत में खुशी का माहौल है।

यहां भाजपा जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, पालिकाध्यक्ष सुखदेव सिंह, हज कमेटी के अध्यक्ष खतीब अहमद, कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा के प्रतिनिधि उमाशंकर दुबे, भाजपा महामंत्री अमित रस्तोगी व भाजपा भोलादत्त जोशी, जया जोशी, धर्मा देवी, राकेश त्यागी, तरसेम सिंह, उमेश अग्रवाल, शिवपाल सिंह चौहान, सचिन गंगवार, नरेश ठाकुर, हर्षित पाण्डे, अभिषेक जैन, गुरदीप सिंह चौहान, नवीन भट्ट, रीता सक्सेना, प्रमोद रावत, इकबाल सिंह लाडी, सत्यभान, आनंद बल्लभ भट्ट, सूरज नारायण समेत सैकड़ों लोग मौजूर रहे।

# नाबालिग किशोरों को बरामद कर परिवार को सौंपे



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकान्त मिश्रा के निर्देशन में दो नाबालिक किशोरों को चंडीगढ़ से बरामद कर परिजन को लौटाए। 10वीं क्लास का रिजल्ट देखने गए बच्चे नंबर कम आने पर डांट पड़ने की वजह से घर लौटकर वापस नहीं आए थे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणिकांत मिश्रा द्वारा गुमशुदा व्यक्तियों की बरामदगी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक काशीपुर व क्षेत्राधिकारी काशीपुर के निर्देशन में कोतवाली जसपुर पुलिस टीम द्वारा नाबालिग पवन कुमार और प्रिंस कुमार को चंडीगढ़ से बरामद कर परिजन के सुपुर्द किया गया। बता दें कि बीती 13 मई को पवन कुमार उर्फ गोलू पुत्र हरीश कुमार उम्र 17 वर्ष और प्रिंस कुमार पुत्र गुड्डु उम्र 16 वर्ष निवासीगण मौ. भूप सिंह जसपुर 10वीं क्लास का रिजल्ट देखने साथ गए थे। पवन कुमार के 72 प्रतिशत नंबर आए, जो परिवार के अपेक्षा अनुसार कम थे। डांट खाने के डर से पवन कुमार अपने साथ प्रिंस को लेकर बस में बैठ गयाऔर घूमता-घूमता चंडीगढ़ पहुंचगया था। उपरोक्त प्रकरण में पवन के पिता की तहरीर के आधार पर कोतवाली में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। बच्चों के सकुशल घर आ जाने पर परिवार में खुशी का माहौल है। पुलिस टीम प्रभारी निरीक्षक जगदीश सिंह ढकरियाल? एसएसआई जावेद मलिक, एसआई ललित सिंह, हे.का. देवेन्द्र पांड्या, का. कैलाश आदि मौजूद रहे।

# तंबाकू कंपनी के खिलाफ मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

रामनगर। करणी सेना के जिला अध्यक्ष सूरज चौधरी के नेतृत्व में सोमवार को दर्जनों कार्यकर्ताओं ने तहसील परिसर पहुंचकर कुबेर तंबाकू कंपनी के खिलाफ नारेबाजी एवं प्रदर्शन करते हुए एसडीएम प्रमोद कुमार के माध्यम ज्ञापन प्रदेश के मुख्यमंत्री को भेजते हुए कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है।

संगठन के जिलाध्यक्ष सूरज चौधरी ने बताया कि कुबेर कंपनी के मालिक द्वारा कुबेर तंबाकू के रैपर पर भगवान कुबेर का चित्र लगाया गया है जो की हिंदू भावनाओं के अपमान करने के बराबर है। उन्होंने बताया कि इस तंबाकू का सेवन करने के बाद लोग इस रैपर को जमीन पर फेंकने के साथ ही कूड़े में फेंक रहे हैं और यह रैपर पैरों के नीचे आ जाता है। उन्होंने कहा कि इस मामले में उनके द्वारा कुछ दिन पूर्व कोतवाली पुलिस को तहरीर भी सौंपी गई थी, लेकिन पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने इस मामले में मुख्यमंत्री से शीघ्र कंपनी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करते हुए हिंदू भावनाओं को बचाए रखने की मांग की है। इस दौरान करणी सेना के जिलाध्यक्ष सूरज चौधरी,



जिला महामंत्री हरीश प्रकाश, जिला मंत्री अंकित, जिला उपाध्यक्ष नमन अग्रवाल, जिला सलाहकार कपिल नेगी, जिला प्रवक्ता कल्पना वर्मा, जिला सह मंत्री विक्की ठाकुर, सागर चौधरी, विकास कुमार, दिनेश चंद्र, सार्थक सिंह, आशुतोष रावत, अंकित शर्मा, विशाल, लखन आदि मौजूद रहे।

# सितारगंज में आज होंगे प्राथमिक शिक्षक संघ डेलीगेट्स के चुनाव

**■ विभिन्न विद्यालयों के 291 शिक्षक करेंगे 29 डेलीगेट्स के लिए मतदाता**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सितारगंज।** आज 20 मई मंगलवार को उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के डेलीगेट्स का चुनाव कराए जाएंगे। शिक्षा विभाग और तदर्थ समिति ने निष्पक्ष और पारदर्शी चुनाव कराने की पूरी तैयारी कर ली है।

तदर्थ समिति के सदस्य देवेंद्र चौधरी ने बताया कि सितारगंज विकासखंड के विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों के 291 शिक्षक मतदाता दस अनुपात एक के हिसाब से 29 शिक्षक डेलिगेट्स का चुनाव करेंगे। यह डेलिगेट्स बाद में जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के चुनाव में प्रतिभाग करेंगे। बीआरसी सितारगंज में एक ही मतदान केंद्र बनाया गया है। मतदान केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता किया है। साथ ही, शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों की भी नियुक्ति की गई है। देवेंद्र चौधरी ने बताया कि मतदान केंद्र में मतदाताओं की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने आदि के इंतजाम किए गए हैं। 20 मई की शाम को ही चुनावी परिणाम भी घोषित कर दिए जाएंगे।

इधर उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के डेलिगेट्स के चुनाव की तैयारी को लेकर प्रमुख शिक्षकों ने समीक्षा बैठक की। वहां शिक्षकों ने मतदाताओं से अधिक से अधिक संख्या में मतदान करने की अपील की। शिक्षकों ने बताया कि उनके लिए यह महत्वपूर्ण चुनाव है। यह चुनाव उनकी एकजुटता और संगठनात्मक ताकत को प्रदर्शित करता है। बताया कि यह चुनाव न केवल उनके लिए डेलीगेट चुनने का मौका है बल्कि उनकी एकता और समर्पण को दिखाने का जरिया भी है।

## सम्मन

**न्यायालय श्रीमान**
**परगनाधिकारी/सहा.कलेक्टर प्रथम श्रेणी रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर**

वाद संख्या-22/15 सन् 2023-24

**वादिनी**- उर्मिला दास

**बनाम**

**प्रतिवादीगण**- खैराती लाल आदि

राजस्व ग्राम- खानपुर पूर्व तहसील रुद्रपुर दावा अर्न्तगत धारा-176 ज.उ.एवं भू-सुधार अधिनियम

**नोटिस बनाम प्रतिवादीगण**

1. खैराता लाल पुत्र चिम्मन लाल
2. हरीश कुमार पुत्र चिम्मन लाल
3. ओम प्रकाश पुत्र चिम्मन लाल
4. मंगल लाल पुत्र चिम्मन लाल

निवासीगण- ग्राम खानपुर पूर्व जहांगीरपुर/जाफरपुर, तहसील- रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर।

5. महेश अग्रवाल पुत्र मुंशी राम अग्रवाल निवासी- विम स्क्वायर, तहसील किच्छा, जिला उधमसिंह नगर।
6. ग्राम सभा खानपुर पूर्व द्वारा ग्राम प्रधान खानपुर पूर्व, तहसील- रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर।

हरगाह को सूचित किया जाता है कि प्रार्थिनी- उर्मिला दास द्वारा एक दावा अर्न्तगत धारा-176 जमींदारी उन्मूलन एवं भूमि सूधार अधिनियम के तहत इस न्यायालय में योजित किया है, जिसमें वास्ते आपत्ति/जवाब हेतु दिनांक ...... नियत है।

अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप उक्त तिथि 19/06/25 को दिन के ठीक 10:00 बजे असालतन या वकालतन इस न्यायालय में उपस्थित हों अन्यथा आपकी अनुपस्थिति में उक्त वाद एकपक्षीय रूप से सुना व निर्णित किया जायेगा।

आज दिनांक- 17/05/25 को न्यायालय के हस्ताक्षर व मुहर से जारी।

**परगनाधिकारी न्यायालय**
**रुद्रपुर, जिला उधमसिंह नगर**



# एआर ने किया सहकारी समितियों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** जिला सहायक निबंधक सहकारी समितियां सुमन कुमार ने रामराज रोड स्थित क्रय विक्रय सहकारी समिति, बहु. प्रथम किसान सेवा सहकारी समिति लि. व बहु. द्वितीय किसान सेवा सहकारी समिति का निरीक्षण कर अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने समिति परिसर में अपनी मां के नाम पौधा भी रोपा।

# सड़क मरम्मत की मांग को लेकर दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ग्राम क्यारी के उप प्रधान विनोद बुधानी ने ग्राम क्यारी क्षेत्र में सड़क मरम्मत की मांग को लेकर एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी और लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता को दिया।

सोमवार को दिए गए ज्ञापन में उन्होंने बताया कि काफी लंबे समय से क्यारी की सड़क में काफी बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे कई लोग चोटिल भी हुए हैं, जिसकी सूचना विभाग को मौखित में कई बार दे दी गई है, लेकिन मौके पर कोई कार्य नहीं हो पाया है। कुछ समय से बेलगढ़ के पास में आरसीसी सड़क में अचानक फटने की घटना कई जगह लगातार हुई है। जिस कारण गांव के एक व्यक्ति का हाथ भी फैक्चर हो गया था। उसके बाद भी संबंधित अधिकारियों के द्वारा उसमें कोई संज्ञान नहीं लिया गया। जिससे ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों को खतरा बना रहता है। इस सड़क को तत्काल प्रभाव से मरम्मत कराने की आवश्यकता है और साथ ही साथ उपरोक्त सड़क टूटने की वजह के लिए जांच होना बहुत जरूरी है। सड़क को तत्काल प्रभाव से जांच एवं मरम्मत कराया जाय। कहा कि मामले का संज्ञान लेते हुए सुरक्षा की दृष्टि से सड़क मरम्मत कार्य और उसकी जांच करनी चाहिए।

# पर्यावरण पर हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** वसुंधरा परियोजना के अंतर्गत संस्था सामाजिक विकास संस्थान (आईएसडी) द्वारा टाटा मोटर्स के सहयोग से राजकीय बालि. का इंटर कालेज फाजिलपुर महरौला रुद्रपुर में पर्यावरण (ठोस अपशिष्ट प्रबंधन) पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

परियोजना समन्वयक रविन्द्र वर्मा तथा 10वीं कक्षा की लगभग 50 छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में बोलते हुए रविन्द्र वर्मा ने बताया कि पर्यावरण का वास्तविक अर्थ क्या है, पर्यावरण की दृष्टि से पर्यावरण की रक्षा करना क्यों महत्वपूर्ण है। इसके अलावा उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर बहुत महत्वपूर्ण जानकारी दी।




कार्यक्रम के अंत में सभी ने पर्यावरण की रक्षा करने की शपथ ली तथा छात्राओं से संबंधित विषयों पर प्रश्न पूछे गए तथा सही उत्तर देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

कार्यक्रम में प्रधानाचार्या शुभा रावत एवं शिक्षिकाएं बसंती, रानी, माया, सुषमा, ममता आदि भी उपस्थित रहीं।

# पर्यटन के क्षेत्र में तेजी से उभर रहा है उत्तराखंडः नड्डा

■ भारत-चीन सीमा के पास स्थित वाइब्रेंट विलेज गुंजी के लोगों से किया संवाद




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** अपने आदि कैलाश क्षेत्र भ्रमण पर पहुंचे केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा ने आज सोमवार प्रातः 8.20 बजे देहरादून हेतु प्रस्थान किया। जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव व उपजिलाधिकारी धारचूला मंजीत सिंह ने माननीय मंत्री का क्षेत्र भ्रमण करने हेतु धन्यवाद ज्ञापित कर विदाई दी।

इससे पूर्व मंत्री ने गत देर शाम जनपद के भारत-चीन सीमा के पास स्थित वाइब्रेंट विलेज गुंजी के ग्रामीणों के साथ रात्रि चौपाल लगाई। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने स्थानीय लोगों के साथ बातचीत की और सरकार द्वारा इस क्षेत्र हेतु गतिमान एवं प्रस्तावित की गई विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी। उन्होंने सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दो. हराया।

नड्डा ने कहा कि हमारी सरकार सीमावर्ती क्षेत्रों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है और इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि 2023 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदि कैलाश के पवित्र क्षेत्र के भ्रमण के पश्चात, इस क्षेत्र में श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों की आवा. जाही में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। इस बढ़ी हुई गतिविधि ने स्थानीय समुदायों के लिए रोजगार के नए अवसर उत्पन्न किए हैं, जिससे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिला है।

पर्यटकों की इस बढ़ती संख्या के कारण वायब्रेंट विलेज में स्थानीय स्तर पर विभिन्न प्रकार के रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं। इनमें मुख्य रूप से गेस्ट हाउस, होमस्टे, छोटे रेस्तरां, भोजनालय, टैक्सी सेवाएं, गाइड सेवाएं, स्थानीय हस्तशिल्प और स्मृति चिन्हों की बिक्री, और अन्य संबंधित सेवाएं शामिल हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने इन क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों को बढ़ाने के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान राज्यसभा सांसद एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट, दुग्ध एवं पशुपालन मंत्री सौरभ बहुगुणा, विधायक डीडीहाट बिशन सिंह चुफाल, जिलाधिकारी विनोद गोस्वामी, पुलिस अधीक्षक रेखा यादव, उपजिलाधिकारी धारचूला मंजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

# महिला को अश्लील कॉल व मैसेज भेजने वाला दबोचा

■ मोबाइल बरामद, फर्जी सिम का करता था प्रयोग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** बीती 30 अप्रैल 2025 को कोतवाली डीडीहाट क्षेत्र निवासी एक महिला द्वारा थाना डीडीहाट में शिकायत दर्ज कराई गई कि एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा उन्हें मोबाइल कॉल एवं अश्लील मैसेज भेजकर मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। महिला की शिकायत पर त्वरित संज्ञान लेते हुए कोतवाली डीडीहाट में अज्ञात अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया।

पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी डीडीहाट केएस रावत के पर्यवेक्षण में पुलिस टीम द्वारा तत्काल विवेचना एवं अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु कार्रवाई प्रारंभ की गई। मामले की विवेचना प्रभारी निरीक्षक कोतवाली जौलजीबी संजीव कुमार को सौंपी गई। विवेचना के दौरान सर्विलांस सैल की मदद से अभियुक्त हरीश सिंह नेगी पुत्र स्व. गोपाल सिंह, निवासी पटवारी मोड़ के पास, डीडीहाट (मूल निवासी ग्राम गागरीगोल, बैजनाथ, (बागेश्वर) को डीडीहाट क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के पास से घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी बरामद किया गया है।

प्रारंभिक जांच में सामने आया कि अभियुक्त डीडीहाट स्थित एक दुकान से अन्य व्यक्तियों की पहचान (ID) का दुरुपयोग कर फर्जी सिम कार्ड प्राप्त करता था और महिलाओं व युवतियों को अश्लील कॉल एवं संदेश भेजता था। उक्त दुकान संच. ालक की भूमिका की भी जांच की जा रही है एवं उसके विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पुलिस टीम में निरीक्षक संजीव कुमार, एसएचओ जौलजीबी, हरीश सिंह कोरंगा, एसओ डीडीहाट, हेड कांस्टेबल चन्द्रशेखर जोशी, हेम चन्द्र सिंह, कांस्टेबल कमल तुलेरा शामिल थे।

## एक नजर

### फांसी लगाकर पेंटर ने की जीवन लीला समाप्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**गदरपुर।** सोमवार को नगर के वार्ड नंबर 2 में संदिग्ध परिस्थितियों में पेंटर का शव घर के पास अंबेडकर पार्क के पेड़ पर फांसी से लटका पाया गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के परिजनों से जानकारी ली और मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नं 2 शिशु मंदिर रोड निवासी शुभम (28) पुत्र दयानंद ने गृह क्लेश के चलते अपनी जीवन लीला को समाप्त कर ली। मृतक युवक कभी-कभी हलवाई, पेंटिंग और मोटर मैकेनिक का काम भी कर लेता था। वहीं उसकी कुछ नशे की भी आदत हो गई थी, जिसके चलते परिजनों ने उसे घर से अलग कर दिया था। वार्डवासियों के अनुसार सोमवार सुबह वार्ड के अम्बेडकर पार्क में लगे पेड़ पर शुभम लटका नजर आया, जिसकी सूचना स्थानीय थाने में दी गई। वार्डवासियों की मदद से मृतक शुभम को उतारा गया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष जसवीर चौहान व उप निरीक्षक बसन्त कुमार द्वारा पंचनामा भर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा। शुभम की मृत्यु से परिजनों में कोहराम मच गया।

### पौधारोपण आंदोलन जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आवाहन पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन आज 318वें दिन भी जारी रहा।



महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन 'देव भूमि में पर्यटक बनकर आईए, पौधा रोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए' के तहत आदि कैलाश यात्रा द्वितीय दल के यात्रियों को पौधारोपण आंदोलन से जोड़ते हुए उनके माध्यम से पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया गया । यात्रियों ने कहा कि अपनी मांगों को मनाने का यह बहुत सुंदर तरीका ह, जिसके तहत पर्यटकों से पौधा रोपण कराया जा रहा है। दिनेश गुरु रानी ने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन राज्य में एक नजीर बन रहा है ।और राज्य से बाहर एक अच्छा मैसेज जा रहा है।

### पुलिस ने वारण्टी अभियुक्त किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**पिथौरागढ़।** पुलिस अधीक्षक रेखा यादव के दिशा-निर्देशन में पुलिस द्वारा वारण्टी अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में थानाध्यक्ष बेरीनाग महेश चन्द्र जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने वारण्टी अभियुक्त किशोर राम उर्फ लाटा पुत्र बहादुर राम निवासी डिग्री कालेज रोड बेरीनाग जिला पिथौरागढ़ को बेरीनाग से गिरफ्तार किया गया।

उक्त अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय में चोरी के मामले में वाद विचाराधीन था। अदालत द्वारा बार-बार समन जारी किए जाने के बावजूद अभियुक्त न्यायालय में उपस्थित नहीं हुआ। इस पर न्यायालय द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया था। पुलिस टीम द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही के उपरांत न्यायालय में पेश किया गया।

### पेयजल निगम ने कराई पाइप लाइन की लीकेज को ठीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम महेशपुरा में पेयजल संबंधित शिकायत प्राप्त होने का त्वरित संज्ञान लेते हुए रुद्रपुर पेयजल निगम के अधिशासी अभियन्ता सुनील जोशी द्वारा ग्राम का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय प्रभात कुमार अवर अभियंता, पेयजल निगम रुद्रपुर उपस्थित रहे। ग्राम में दो स्थानों पर पाई गई लीकेज में से एक को ठीक करा दिया गया है और अन्य लीकेज को 18 मई तक ठीक कराने के निर्देश अवर अभियन्ता को दिए। पाइप लाइन बिछाने के लिए तोड़े गए आंतरिक मार्ग को 19 मई तक ठीक कराने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियन्ता द्वारा ओवर हेड टेंक की छत पर चढ़ कर जलाशय का निरीक्षण किया और पूरा पानी भरकर टेस्टिंग करने के लिए निर्देशित किया। अवर अभियन्ता को निर्देशित किया कि ग्राम में पुनः सर्वेक्षण कर यह सुनिश्चित करें कि कोई घर पेयजल संयोजन से छूट न जाए ग्राम में पेयजल आपूर्ति सुचारू है।



### ऑनलाइन स्टोरफ्रंट पुनः किया लॉन्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादन/हरिद्वार।** अमेजन फैशन ने जेन जी को खास तौर पर ध्य्यान में रखते हुए अपने ऑनलाइन स्टोरफ्रंट को एक बार फिर से लॉन्च किया है. इस स्ध्टोरफ्रंट को इससे पहले नेक्स्ट जेन स्टोर के नाम से जाना जाता था। अब इसे नए स्ध्टाइलिश स्ध्वरूप में श्सर्वश् के नाम से पेश किया गया है।

'सर्व' सिर्फ एक ऑनलाइन स्टोर नहीं है, बल्कि यह एक ऐसा प्लेटफॉर्म है जहां हमेशा लेटेस्ट ट्रेंड, स्टाइल और खुद को एक्सप्रेस करने के नए तरीके मिलते हैं। इस ऑनलाइन स्टोर पर जेन जी ग्राहकों की संख्या में 3 गुना का इजाफा देखने को मिला है. वहीं चंडीगढ़, कोच्चि, पटना, नागपुर, जयपुर और सूरत जैसे टियर-2 और टियर-3 शहरों से शॉपिंग करने वालों की संख्या 4 गुना तक बढ़ी है। 'सर्व' 2 मिलियन से ज्यादा प्रोडक्ट्स और 350 से अधिक घरेलू और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स का बेहतरीन कलेक्शन पेश करता है। अमेजन फैशन इंडिया के डायरेक्टर निखिल सिन्हा ने कहा, अब हम 'सर्व' के साथ उस वादे को निभा रहे हैं जो हमने अपने जेन जी ग्राहकों के साथ किया था।

# पीडब्ल्यूडी विभाग ने दिए 160 व्यापारियों को नोटिस

■ दस दिन में खुद नहीं हटाया अतिक्रमण, तो व्यापारियों से ही वसूला जाएगा खर्चा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** चतुर्थ निर्माण खण्ड, लोक निर्माण विभाग काशीपुर के सहायक अपार अभियंता राजेश पंचोला ने अतिक्रमण कार्यों को 160 नोटिस वितरण किए गए। 10 दिन का समय दिया गया है कि सभी व्यापारी अपना अतिक्रमण खुद हटा लें। जिससे व्यापारियों में हड़कंप मच गया।

लोनिवि के नैनीताल कालाढूगी-बाजपुर दोराहा मार्ग के 58 किमी में अतिक्रमण कर किए गए अवैध निर्माण को लेकर नैनीताल उच्च न्यायालय में दायर रिट याचिका सुनील यादव बनाम उत्तराखण्ड राज्य में नैनीताल उच्च न्यायालय के निर्देश पर 20 दिसंबर 2024 का अनुमान किए जाने निर्देश पर जनपद में सरकारी भूमि और नैनीताल-कालाढूंगी-बाजपुर-दोराहा मार्ग के 5800 किमी में अतिक्रमण कर मार्ग की भूमि पर पक्के मार्ग के मध्य से 47 फिट की दूरी पर अवैध/ डिल्लोड/ बाउण्ड्रीवाल/ चबूतरा इत्यादि का निर्माण कर लिया गया है, जो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण है, जिससे यातायात में अवरोध उत्पन्न हो रहा है।

तत्काल अतिक्रमण हटाया जाए। 10 दिन में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अतिक्रमण को विभाग द्वारा प्रशासन/पुलिस बल की सहायता से हटवा दिया जायेगा और इस पर आने बाले खर्च को आपसे वसूला जाएगा।

# प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल जसपुर का चुनाव 16 जून को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** प्रांतीय उद्योग व्यापार मंडल की स्थानीय कार्यकारिणी के चुनाव की तैयारी शुरू हो गई है। नई कार्यकारिणी के तीन पदों के लिए 16 जून को चुनाव होगा। चार जून को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा।

चुनाव अधिकारियों की चार सदस्य टीम ने मुख्य बाजार स्थित कार्यालय पर आयोजित बैठक में चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की। मुख्य चुनाव अधिकारी राजा राम राजपूत ने बताया कि वर्ष 2024 में स्थानीय कार्यकारिणी का कार्यकाल पूरा हो गया था। जिला पदाधिकारीयों की संस्कृति पर 16 जून को सुबह 8:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक नई कार्यकारिणी का चुनाव कराने पर सहमति बनी है। इसी दिन मतगणना के बाद परिणाम की घोषणा भी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि सदस्यता अभियान को पहले ही 10 दिन बढ़ाया जा चुका है, जिसमें 15 मई से बढ़कर 25 मई की शाम 5:00 बजे तक नए सदस्यता ली जा सकती है। 31 मई की सुबह 10:00 बजे तक मतदाता सूची का प्रकाशन, एक जून को आपत्तियां, चार जून को तक अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन, पांच जून को श्री धर्मशाला मंदिर में नामांकन, उसके अगले दिन छह जून नाम वापसी का कार्यक्रम तय किया गया है। इस बार अध्यक्ष, महामंत्री और कोषाध्यक्ष के पदों पर ही चुनाव संपन्न होगा। इस मौके पर निकेश अग्रवाल, मोहम्मद इस्लाम, तरुण बंसल, सतीश कुमार, महफूज अली, मोहसिन अली, नासिर अली आदि मौजूद रहे।

### महिला और लड़के ने लूटे सभासद की मां के सोने के कुंडल व नकदी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** नगर पालिका परिषद के पूर्व सभासद मुकुंद शुक्ला उर्फ जानू की सास वर्तमान सभासद मनीष शर्मा माता इंदु शर्मा लगभग 12:30 बजे गुलाबी सूट वाली महिला और साथ में जो लड़का है, इसके द्वारा नगर पालिका गली में दिनदहाड़े महिला का कान के कुंडल व नकदी लूट ली गई है।

सूचना मिलते ही एसआई कैलाश चंद्र नगरकोटी मय पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर महिला और लड़के की तलाश में लगे।

पूर्व सभासद मुकुंद शुक्ला उर्फ जानू ने बताया कि घटना से कुछ देर पहले भगत सिंह चौक पर तरुन रूहेला की दुकान से इस महिला ने गुटके खरीदे थे।

# युवक ने दुकान बंद न कराने की लगाई गुहार

■ एसडीएम को सौंपा शिकायती पत्र

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** ग्राम बिगराबाग निवासी महेंद्र पाल राठौर पुत्र कुंदन लाल ने सोमवार को उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट को एक शिकायती पत्र सौंप कर बताया है कि वह शुगर का मरीज है तथा ग्राम बिगराबाग में परचून की दुकान तथा चाट का ठेला लगाकर अपने परिवार की आजीविका चलता है तथा बिगराबाग में परिवार सहित किराए के मकान में रहता है।

शिकायतकर्ता ने बताया है कि रविवार की सांय लगभग 6:30 बजे वह अपनी दुकान पर था उसी समय तीन पुलिसकर्मी उसकी दुकान पर आए और प्रार्थी से कहने लगे कि तुम दुकान में उल्टा काम करते हो और दुकान पर अपने लड़की को बैठाते हो। वहीं शिकायतकर्ता ने पुलिस कर्मियों पर आरोप लगाते हुए बताया गया कि पुलिसकर्मियों द्वारा कहा गया कि आज के बाद यदि दुकान पर अपनी लड़की को बैठाया तो दुकान बंद कर देंगे। वहीं प्रार्थी का कहना है कि अपनी बीमारी के चलते अपनी लड़की को दुकान पर बैठता है तथा प्रार्थी के पास परचून एवं चाट की दुकान के अलावा कोई व्यवसाय नहीं है। इसलिए प्रार्थी का रोजगार बंद होते ही प्रार्थी का परिवार भुखमरी के कगार पर आ जाएगा। प्रार्थी ने उक्त मामले में तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने की गुहार लगाई है। वहीं शिकायती पत्र में प्रार्थी ने चेतावनी भी दिया है कि अगर उसका रोजगार बंद किया गया तो आत्मदाह के लिए मजबूर होगा। वहीं मामले में उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह बिष्ट ने खटीमा सीओ को प्रकरण की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने का निर्देश दिया है।

# गगन छूने की ललक हो, तो सफलता चूमेगी चरणः डीएम

■ जिले के मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर किया सम्मानित




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** आधुनिक युग की चुनौतियों का मुकाबला करते हुए बच्चों में यदि लगन से गगन छूने की ललक हो तो सफलता उनके चरण चूमने आएगी। यह बात जिलाधिकारी नवनीत पांडे ने लड़वाल फाउंडेशन द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं को नगद पुरस्कार से सम्मानित करने के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोलते हुए कही।

उन्होंने कहा पहाड़ के तमाम लोगों ने यहाँ की विषम परिस्थितियों से जूझते हुए जीवन में ऊंचा मुकाम हासिल किया है। गुजरात के पूर्व डीजीपी रहे डीएस बिष्ट ने लड़वाल फाउंडेशन के प्रयासों की सराहना करते हुए बच्चों से कहा कि सकारात्मक सोच के साथ जीवन का लक्ष्य बनाकर आगे बढ़े। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को 51 हजार, 31 हजार एवं 21 हजार तथा हाई स्कूल में 31 हजार, 21 हजार व 11 हजार तथा राज्य की टॉप सूची में शामिल जिले के पांच बच्चों को मिलाकर कुल 15 मेधावी छात्र-छात्राओं को नकद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने बच्चो को सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स देते हुए उन्हें आगे बढ़ने का प्लान बनाकर चलने की सलाह दी। राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डा. बीसी जोशी के संचालन में हुए कार्यक्रम में मुख्य शिक्षा अधिकारी मेहरबान सिंह बिष्ट ने कहा इस वर्ष राज्य शिक्षा बोर्ड का इंटर का परीक्षाफल 83.23 फीसदी रहा। वहीं जिले का 96.97 इसी प्रकार हाई स्कूल का जहां राज्य स्तर पर 90.77 फीसदी रहा, वही उसमें हमारे जिले का परीक्षा परिणाम 96.97 फीसदी रहा। इसलिए स्पष्ट है कि हमारे प्रयासों व लड़वाल फाउंडेशन के प्रयासों में पूरा ताल मेल चल रहा है। इस अवसर पर जिला रेड क्रॉस समिति द्वारा अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए सीईओ को सम्मानित किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष डा. शरद जोशी ने फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे जनहित के कार्यों पर विस्तार से रोशनी दी। दर्जा राज्य मंत्री श्याम नारायण पांडे, नगर पालिका की अध्यक्ष प्रेमा पांडे, विधायक प्रतिनिधि प्रकाश तिवारी, जनार्दन चिलकोटी, शंकर पांडे, पूर्व प्राचार्य बीडी ओली, राजेंद्र गहतोड़ी, प्रधानाचार्य श्याम चौबे, पूरन सिंह, प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने बच्चों को शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए लड़वाल फाउंडेशन के अध्यक्ष नरेंद्र लड़वाल ने सभी का स्वागत करते हुए छात्र-छात्राओं का आवाहन करते हुए कहा की वह एक लक्ष्य को लेकर आगे बढ़ते चले। उन्हें सहारा देने के लिए लड़वाल फाउंडेशन पीछे से खड़ा है। मेधावी छात्र शोभा, तारा पांडे एवं अभिभावक महेश भट्ट ने अपने अनुभव साझा किये।

# राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किच्छा।** देवभूमि चेस एसोसिएशन संघ की ओर से 19वीं उत्तराखंड राज्य स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता का सोमवार को शुभारंभ किया गया। इस नौ दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश से आए विभिन्न जिलों के सभी आयु वर्ग के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। पहले दिन अंडर 7 और अंडर 17 आयु (बालिका-ओपन) वर्ग के मैच खेले गए। सोमवार को लालपुर के भारतीयम इंटरनेशलन स्कूल में आयोजित शतरंज प्रतियोगिता में अंडर 7 और अंडर 17 आयु वर्ग के 45 बालक-बालिका खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ भारतीयम स्कूल की प्रधानाचार्य रश्मि आनंद ने किया। पहले दिन खेले गए अंडर 7 मैचों में दूसरे राउंड के बाद अव्यान त्याल (देहराद. न) ने प्रभास बिष्ट (नैनीताल), नक्ष चौहान (हरिद्वार) ने कियान सिंघल (देहरादून), लव्यांश मेहरा (नैनीताल) ने युव्यांश पांडे (नैनीताल) को हराकर दो-दो अंक हासिल किए।

अगस्त्या अग्रवाल (ऊधमसिंह नगर) ने प्रखर पंत (नैनीताल), देवादिरित्यो दास गुप्ता (देहरादून) ने इवान छाबड़ा (ऊधमसिंह नगर) को हराकर एक-एक अंक हासिल किया। इसके अलावा मेहुल भट्ट ने वाई का एक अंक हासिल किया, जबकि अदिति सिंह (नैनीताल) और इशगुन कौर चंदोक (देहरादून) ने ड्रॉ खेलकर आधा-आधा अंक प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका वर्ग में दूसरे राउंड के बाद शैराली पटनायक (देहरादून) ने श्रेया सिंह (ऊधमसिंह नगर), इशिका बांगा ने अनुश्री पांडे को हराकर दो-दो अंक हासिल किए। जबकि आराध्या थापर वाई के साथ एक अंक पर है। अंडर 17 ओपन वर्ग में सद्भव रौतेला ने इंदुशेखर त्रिपाठी, शैराली पटनायक ने अभिमन्यु सिंघल, अरमान सिंह बक्शी ने हरनीत सिंह, श्रियांश साहू ने द्रुव्यांश भट्ट, भव्य अरोरा ने परीक्षित और सक्षम पांडे ने विवान गोयनका को हराकर दो-दो अंक प्राप्त किए। इस दौरान चीफ आर्बिटर आईए (इंटरनेशनल आर्बिटर) मृत्युंजय सिंह और आईए रूपेश कुमार निर्णायक मंडल में रहे। इस मौके पर देवभूमि चेस एसोसिएशन के जनरल सेक्रेटरी संजीव चौधरी, भारतीयम इंटरनेशनल स्कूल के उप प्रधानाचार्य भूपेन्द्र सिंह, अवि सिंह, मोरिशी सिंह मौजूद रहे।

# पूर्व छात्र नेताओं और समाजसेवियों ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**रुद्रपुर।** गाबा चौक स्थित रुद्रपुर चैरिटेबल ब्लड बैंक में पूर्व छात्र नेता एवं समाजसेवी स्वर्गीय धन सिंह मेहरा की याद में छात्र नेताओं एवं समाजसे. वियों ने विशाल द्वितीय रक्तदान शि. विर का आयोजन किया। शिविर में शहर के पूर्व छात्र नेताओं एवं समाजसे. वियों ने हिस्सा लिया। आपको बताते चलें कि 30 मार्च 2024 को किच्छा बाईपास रोड पर किच्छा से लौटते वक्त एक मिट्टी से भरे अनियंत्रित ओवरलोड वाहन की चपेट में आ जाने से धन सिंह मेहरा की आकस्मिक मौत हो गई थी। उस वक्त उनकी दुर्घटना में हुई मौत से किच्छा, रुद्रपुर सहित आसपास के क्षेत्र में दुख का वातावरण हो गया था। मिलनसार, मृदुभाषी और छात्र राजनीति की अच्छी समझ रखने वाले स्व. धन सिंह मेहरा रुद्रपुर डिग्री कॉलेज के हर बच्चे की समस्या का समाधान थे। किसी भी बच्चे को पढ़ाई लिखाई, एग्जाम, यूनिवर्सिटी से कागज लाने या त्रुटि होने पर संशोधन कराने में सहयोग करते थे। उनकी इसी मधुरता और सरल स्वभाव और सहयोग भावना का रुद्रपुर डिग्री कॉलेज ही नहीं आसपास के क्षेत्र में भी उनकी चर्चा होती थी । आज उनके जाने का सभी आहत हैं। उनके आदर्शों को याद करने के लिए एवं सच्ची श्रद्धांजलि समर्पित करने के लिए छात्र नेता राहुल गुप्ता, इमरान सैफी , शुवम मेहरा, मो .असलम ने पहल करते हुए दूसरी बार विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसने कई लोगों ने रक्तदान किया। इस मौके पर समाजसेवी संजय ठुकराल, सुशील गाबा, निशांत शाही, अजहरुद्दीन जावेद अख्तर, रचित सिंह, दिव्यांशु विश्वकर्मा, हिमांशु, प्रेम विश्वास, इमरान, गुफरान, मोहित कक्कड़, रोहित चंद भट्ट, राजेश कुमार, सुशांत चौरसिया आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# विधिक जागरूकता शिविर में किया गया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** आदर्श इंटर कॉलेज झनकट में विधिक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें बाल श्रम मुक्त उत्तराखंड एवं बाल विवाह, सड़क सुरक्षा तथा बच्चों को नालसा टोल फ्री नंबर 15100 और चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 के विषय पर जानकारी दिए गई।




पैनल अधिवक्ता ममता शर्मा ,विमलेश शर्मा ,सहाना बेगम, कमान सिंह धामी द्वारा बच्चों को कानूनी जानकारी दी गई और बाल श्रम रोकने के सुझाव दिए तथा बाल श्रम पर रैली निकालकर ग्रामीणों को भी जागरूक किया। बाल विवाह मुक्त उत्तराखंड थीम पर नुक्कड़ नाटक छात्रों के द्वारा किया गया। शिविर की अध्यक्षता प्रधानाचार्य एएम सिंह व संचालन पीएलवी. विमल कुमार ने किया। इस अवसर पर स्कूल अध्यापक टीआर दिवाकर, सुरेंद्र पाल यादव ,नेत्र राम वर्मा, भुवन चंद कलोनी, पीएलवी विमल कुमार, आरबी सिंह राणा ,लाल सिंह, गीता शर्मा, कमला गोस्वामी ,पिंकी राणा, आशा रानी तथा माया देवी उपस्थित थे।

### कूड़े के ढेर में लगी आग फायर ब्रिगेड ने बुझाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** टोल प्लाजा के पास स्थित कूड़े के ढेर में आग लग गई जो तेजी से बढ़ने लगी। आग से पास ही लगे बिजली के तारों के जलने का खतरा बढ़ गया। वहीं सूचना पर मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने बमुश्किल आग पर काबू पाया। अग्निशमन प्रभारी अधिकारी सुभाष चंद्र जोशी के निर्देशन में एक वाटर टैंक मय क्रू उक्त घटना स्थल के लिए रवाना हुए। घटनास्थल पर आग टोल प्लाजा के पास स्थित झाड़ियों में लगी थी और उसके धुएं के कारण रोड पर चल रहे यात्रियों व दुकानदारों को असुविधा हो रही थी। आग के पास ही गुजर रहे बिजली के तार के जलने की सम्भावना थी। फायर यूनिट ने घटनास्थल पर पहुंच कर लगातार पंपिंग किया और आग को पूर्ण रूप से बुझाया।

### लापता किशोरी की तलाश को पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

पुलिस ने गुमशुदगी की रिपोर्ट की दर्ज

**खटीमा।** पुलिस ने एक किशोरी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की है। किशोरी के पिता ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा है कि उसकी पुत्री 13 मई की मध्य रात को घर से बिना बताए चली गई है। कई जगह तलाश के बावजूद भी उसका कोई पता नहीं चल रहा है।

पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। वहीं मामले में खटीमा कोतवाल मनोहर सिंह दसौनी ने बताया कि किशोरी की तलाश के लिए पुलिस टीम काम कर रही है।

# स्टडी वीजा के नाम पर युवती से आठ लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** एक युवक पर कनाडा का स्टडी वीजा बनवाने के नाम पर युवती से आठ लाख रुपये ठगने का आरोप है। सोमवार को पीड़िता ने एसएसपी मणिकांत मिश्रा को शिकायती पत्र देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। एसएसपी ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं। ग्राम कुआंखेड़ा गदरपुर निवासी गीता रानी पुत्री कश्मीर चंद ने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह कनाडा में पढ़ाई करने जाना चाहती थी। गदरपुर निवासी एक युवक को स्टडी वीजा बनवाने के लिए 11 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि इसके बावजूद उसका स्टडी वीजा नहीं बनवाया।

मामले में उसने थाना गदरपुर पुलिस से शिकायत की। इसके बाद आरोपी ने 10 फरवरी 2024 को राजीनामा करते हुए रकम वापस करने का आश्वासन दिया। आरोपी ने उसे 3 लाख रुपये वापस कर दिए, लेकिन बाकी के आठ लाख रुपये नहीं दे रहा है। आरोप है कि वह कई बार रकम वापस करने की मांग कर चुकी है, लेकिन आरोपी टालमटोल कर रहा है। पीड़िता ने एसएसपी से आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी रकम वापस दिलाने की मांग की है। एसएसपी ने गदरपुर थानाध्यक्ष को मामले की जांच करने के निर्देश दिए हैं।

# हाइड्रोलॉजिस्ट की रिपोर्ट पेश करे नगर पालिका नैनीताल

## नैनीझील में तैराकी को लेकर पुनर्विचार याचिका पर हाईकोर्ट में सुनवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने नैनी झील में पूर्व में उच्च न्यायलय के द्वारा तैराकी के लिए लगाई गई रोक को खोलने के मामले में दायर पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई की। मामले को कोर्ट ने गंभीरता से लेते हुए कोर्ट ने नगर पालिका से कहा कि पूर्व में आदेश के क्रम में हाइड्रोलॉजिस्ट की रिपोर्ट कोर्ट में प्रस्तुत करें। बता दें सोमवार को हुई सुनवाई पर याचिकाकर्ता की तरफ से कहा गया कि हाइड्रोलॉजिस्ट की रिपोर्ट आ चुकी है।

तैराकी के लिए नैनी झील का पानी मानकों के अनुरूप है। इससे झील का पानी दूषित नहीं हो रहा है, जो घरों को पानी की सप्लाई होती है। वह सीधे झील से न भेजकर बोरिंग के माध्यम से सप्लाई की जाती है इसलिए नैनी



झील में तैराकी की इजाजत दी जाए। जिस पर कोर्ट ने अगली तिथि तक नगर पालिका से हाइड्रोलॉजिस्ट की रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई जून प्रथम सप्ताह की तिथि नियत की है।

बता दें कि पूर्व में कोर्ट ने कहा था कि नैनीताल शहर में व्यवसायिक गति. विधियों क अलावा बच्चों व नागरिकों क शाररिक विकास के लिए कोई क्रीड़ा के साधन उपलब्ध नही हैं। मात्र डीएसए के अलावा उसमें भी क्रिकेट व फुटबाल के अलावा कोई अन्य गतिविधियां नही होती है जबकि अन्य स्पोर्ट भी हैं। किसकी रुचि किस खेल में है वे बच्चे इससे बंचित हो रहे हैं। उनके अधिकारों का हनन हो रहा है। ऐसी सुविधा नैनीताल में भी होनी चाहिए। मामले के अनुसार पुनर्विचार याचिका में कहा गया कि यह मामला 2001 में दायर की गया था। जिसका निस्तारण 2019 में हो गया था। कोर्ट ने नैनी झील में स्वमिंग सहित कपड़े धोने पर रोक लगा दी थी जिसे खोला जाय। सुनवाई के दौरान ऊत्तराखण्ड बार काउंसिल के अध्यक्ष व वरिष्ठ अधिवक्ता डा. महेंद्र सिंह पाल ने कोर्ट में अपना पक्ष रखते हुए कहा था कि इसे खुलना चाहिए। इसके खुलने से तैराकों का मनोबल बढ़ेगा। जल क्रीड़ा भी एक व्यायाम है। योगा का इससे बेहतरीन व्यायाम नहीं हो सकता।

### हस्तक्षेप से इन्कार

**नैनीताल।** नैनीताल में नाबालिग से दुष्कर्म करने के आरोपी मोहम्मद उस्मान की पत्नी हुसन बेगम द्वारा जिला विकास प्राधिकरण के नोटिस पर रोक लगाने के प्रार्थना पत्र पर हस्तक्षेप करने से इंकार करते हुए उनसे प्राधिकरण के समक्ष अपना पक्ष रखने को कहा है। हुसन बेगम की ओर से उनके अधिवक्ता ने कोर्ट में सोमवार को मेंशन किया कि जिला विकास प्राधिकरण ने उनके पति के रुक्कुट कम्पाउंड स्थित आवास को अवैध बताते हुए नोटिस जारी किया है और 22 मई को अपना पक्ष रखने को कहा है। हुसैन बेगम ने कहा कि वर्तमान में उनके पति जेल में हैं इसलिये प्राधिकरण के इस नोटिस पर रोक लगाई जाए, जबकि सरकार की ओर से बताया गया कि हुसन बेगम की पूर्व में दायर याचिका क्रिमिनल है जबकि वर्तमान मामला सिविल वाद से जुड़ा है इसलिये पूर्व से विचाराधीन क्रिमिनल याचिका में सिविल वाद से जुड़े मामले की सुनवाई नहीं हो सकती। सभी पक्षों की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायधीश न्यायमूर्ति जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने मामले में याची से प्राधिकरण के समक्ष अपना पक्ष रखने को कहा है।

# गांव जुड़ेंगे सड़क मार्ग से ग्रामीणों में खुशी की लहर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल विधानसभा के तहत सोमवार को मंगोली, खमारी, थापला, जलाल गांव, रौखड़



मोटरमार्ग का सुधार एवं क्षतिग्रस्त दीवारों एवं डामरीकरण का शिलान्यास पूर्व पर्यटन एवं रक्षा राज्य मंत्री भारत सरकार एवं सांसद नैनीताल उद्यम सिंह नगर व सरिता आर्या विधायक नैनीताल द्वारा शिलान्यास संयुक्त रूप से किया गया। बता दें कि यह कार्य जिसकी लागत रुपए 456.25 लाख है इससे क्षेत्र की जनता व किसानों को अपनी सब्जी आदि को ले जाने के लिए आवागमन सुगम होगा। सांसद अजय भट्ट ने कहा कि केंद्र व राज्य की सरकारें मिलकर राज्य के हर क्षेत्र में लगातार विकास के कार्य के साथ ही युवाओं को भी गांव क्षेत्र में अपने रोजगारों को खोलने के लिए अनेकों सुविधा प्रदान कर रही है जिससे गांवों का पलायन रुके। विधायक सरिता आर्या ने कहा इन रोडों के लिए क्षेत्र की जनता लगातार उनसे मांग कर रही थी जिसको उन्होंने मुख्यमंत्री जी के समक्ष रखा जिसे माननीय मुख्यमंत्री ने एक बड़ी राशि देकर क्षेत्र की समस्या का समाधान किया इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त किया। सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत जो कि इस क्षेत्र से भली भांति परिचित हैं उन्होंने भी सांसद और विधायक को क्षेत्र की समस्या से अवगत कराया। दर्जा राज्य मंत्री शांति मेहरा ने भी मुख्यमंत्री के साथ ही सांसद और विधायक का इस कार्य के लिए उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष सुरेश उप्रेती, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गणेश मेहरा, नीमा नेगी, मंजू बुढ़लाकोटी, केशव पंत, हेम बहुखंडी, दीपक कनवाल, हेमंत कनवाल, कुंदन अधिकारी, प्रताप मेहरा, विक्रम कनवाल, मुकेश मेहरा, पूरन अरोड़ा, कंचन पंत, चंदू सनवाल, हरीश भट्ट, आनंद सिंह बिष्ट, पान सिंह खनी, हीरा सिंह नेगी, हिमांशु मेहरा, महेंद्र जीना व गिरीश जोशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार से रिपोर्ट तलब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** उत्तराखंड हाईकोर्ट ने रामनगर के तराई पश्चिम वन प्रभाग गुलजारपुर व लोवर कोसी नदी के

**कार्बेट पार्क में बेशकीमती पेड़ों के कटान का मामला**

किनारे स्थित कार्बेट नेशनल पार्क के कई बेशकीमती पेड़ों साल, सागौन व शीशम को वनाधिकारियों, कर्मचारियों और लकड़ी के ठेकेदारों की मिली भगत से काटे जाने के मामले पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुख्य न्यायधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खंडपीठ ने राज्य सरकार से कहा है कि जो आरोप याचिकाकर्ता के द्वारा प्रार्थना पत्र में लगाये गए हैं उस पर अगली तिथि तक रिपोर्ट पेश करें। मामले की सुनवाई के बाद अगली सुनवाई की तिथि जून प्रथम सप्ताह की नियत की है। मामले के अनुसार समाजिक कार्यकर्ता विमल सिंह निवासी पीपलसाना (रामनगर) ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि उनका ग्राम कार्बेट नेशनल पार्क से जुड़ा हुआ है। उनके खेत नेशनल पार्क से जुड़े हुए हैं। उनके वहां कई समय से खेतों के समीप स्थित बेशकीमती साल व सागौन और शीशम के पेड़ काटे जा रहे हैं और उनका अवैध रूप से पातन किया जा रहा है जिसकी अनुमति न तो उनके द्वारा वन प्रभाग से ली गयी नहीं ही सरकार से। ये पेड़ किस आधार पर काटे जा रहे हैं इनका कोई उत्तर विभाग नहीं दे रहा है। अक्सर पेड़ रोड निर्माण व नहर का कार्य करने के दौरान ही काटे जाते हैं। उसके लिए भी पहले डीपीआर बनाई जाती है। हाल ही में वन प्रभाग ने 200 से 300 पेड़ उनके खेतों से जुड़े सीमा से काट दिये गए। जंगल के अंदर कितने काटे गए इसका रिकार्ड नहीं है। इससे साबित होता है कि इसमें विभाग के अधिकारी सहित लकड़ी के ठेकेदार शामिल हैं, अगर वे जंगल में लकड़ी लेने जाते है तो उनका चालान विभाग कर देता है। इस सम्बंध में उनके द्वारा वन प्रभाग व कुमाऊं आयुक्त को 22 अप्रैल 2025 (मंगलवार) को भी प्रत्यावेदन दिया गया जिस पर आज तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। जनहित याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की है कि इस अवैध कटान पर रोक लगाई जाय तथा ग्रामीणों को अवैध कटान से होने वाली क्षति से बचाया जाए।

# विहिप नेता पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल में 12 वर्षीय नाबालिग से दुष्कर्म के बाद हुआ बवाल भले ही शांत हो गया हो मगर इंटरनेट मीडिया पर अब भी लोग एक दूसरे समुदाय पर टिप्पणी लगातार जारी हैं। नैनीताल पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर विश्व हिंदू परिषद के प्रांत सह मंत्री रनदीप पोखरिया के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस ने उनके द्वारा एक व पांच मई को इंटरनेट मीडिया पर की गई पोस्ट को मुकदमे का आधार बनाया है। बतातें चले 30 अप्रैल को 12 वर्षीय बच्ची से 73 वर्षीय उस्मान द्वारा दुष्कर्म करने की घटना सामने आने के बाद सड़कों पर बवाल मचा हुआ था। इस बीच हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने सड़क पर उतर आरोपित को सख्त सजा देने की मांग की थी। छह मई को विश्व हिंदू परिषद की ओर से आयोजित रैली के बाद सड़कों का बवाल तो थम गयाए मगर इंटरनेट मीडिया पर एक-दूसरे पर टीका टिप्पणी जारी है। आरोपित के बेटे मोहम्मद रिजवान ने स्थानांतरण व इंटरनेट मीडिया पर टिप्पणी किए जाने को लेकर हाई कोर्ट में रिट दायर की तो न्यायालय ने पुलिस को मामले में जांच के आदेश दिए। मामले की जांच के बाद एसआइ दीपक कार्की की ओर से कोतवाली में तहरीर दी गई है। जिसमें उन्होंने कहा है कि रनदीप पोखरिया के इंटरनेट मीडिया अकाउंट पर आरोपित के बेटे मोहम्मद के हस्तांतरण को लेकर अभद्र टिप्पणी की गई है। जिसके कमेंट में भी कई अभद्र टिप्पणी की गई है। रनदीप पोखरिया ने पोस्ट के माध्यम से अन्य लोगों को भड़काने का काम किया है। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि जांच व शिकायत के आधार पर रनदीप पोखरिया के विरुद्ध बीएनएस की धारा 196 (1) ए और 353 (1) (सी) के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# जनमैत्री का जल संचय अभियान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जनमैत्री संगठन के जल संचय अभियान 2025 के तहत सोमवार को बेल ग्राम पंचायत में एक महत्वपूर्ण



जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व वनाधिकारी लक्ष्मण सिंह मेवाड़ी और मदन बिष्ट ने शिव मंदिर तल्ला नाई सिला में पौधारोपण किया। इसके बाद, राजेश कुमार और जनमैत्री संगठन के संयोजक बची सिंह बिष्ट सहित अन्य सदस्य बेल गांव के जल श्रोतों का निरीक्षण करने पहुंचे। कार्यक्रम के दौरान बेल ग्राम पंचायत के पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य खीम सिंह तड़ागी ने बताया कि इस समय विद्यालयों में बैठक होने के कारण गांववाले व्यस्त हैं, लेकिन जल संचय और श्रोतों के सुधार के कार्य में सभी का सहयोग लिया जाएगा। जनमैत्री संगठन द्वारा प्रधानमंत्री के आह्वान पर धारा नौला और नदी संरक्षण के लिए अप्रैल 2025 से पूरे उत्तराखंड के पर्वतीय ग्रामों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान में स्थानीय लोगों के सहयोग से जल श्रोतों का सुधार, पौधारोपण और नदी संरक्षण पर रचनात्मक कार्य किए जा रहे हैं। तकनीकी विशेषज्ञ राजेश कुमार ने कहा, शुद्ध जल हर व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए प्रत्येक जल स्रोत की जांच की जानी चाहिए और जरूरत के मुताबिक प्रत्येक घर और विद्यालय को देशी जल फिल्टर से जल उपलब्ध कराया जाना चाहिए। इस अभियान में प्रो. अनिल कार्की, शिक्षक मदन मेर, वनाधिकारी मदन बिष्ट, लक्ष्मण सिंह मेवाड़ी, बची सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# तिरंगा शौर्य यात्रा को लेकर भाजपा की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** भाजपा मंडल नैनीताल की सोमवार को नैनीताल क्लब में तिरंगा यात्रा (शौर्य यात्रा) कार्यक्रम की कामयाबी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष नितिन सिंह कार्की ने की। बैठक में नगर के विभिन्न सामाजिक संगठनों, कार्यकर्ताओं एवं गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बता दें कि बैठक का मुख्य मकसद हाल ही में सम्पन्न ऑपरेशन सिंदूर की ऐतिहासिक सफलता को जन-जन तक पहुँचाना और देश के वीर सैनिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु तिरंगा यात्रा के आयोजन की रूपरेखा तय करना था। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं बल्कि यह भारत की



बदलती सोच, तेज़ निर्णय क्षमता और अंतरराष्ट्रीय मंच पर स्पष्ट संदेश देने वाला कदम है और इसका पूरा श्रेय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णायक/साहसी एवं दूरदर्शी नेतृत्व को जाता है जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टोलरेंस नीति को केवल शब्दों में नहीं, बल्कि वास्तविकता में जमीन पर उतार कर दिखा दिया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि यह गौरवशाली यात्रा 22 मई (वीरवार) को प्रात: 11 बजे पंत पार्क से आरंभ होगी जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई सम्पन्न होगी। यात्रा का मार्ग इस प्रकार निर्धारित किया गया है कि किसी भी नागरिक को असुविधा न हो। भीड़ प्रबंधन और जनसहभागिता के संच. लन हेतु सुनियोजित व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गई हैं। यह तिरंगा यात्रा केवल सैनिकों के शौर्य को नमन नहीं करेगी बल्कि पूरे समाज में राष्ट्रभक्ति, आत्मबल और गर्व की भावना को जागृत करने का कार्य करेगी। नैनीताल की पावन भूमि इस विजयगाथा का साक्षी बनेगी और सम्पूर्ण भारत को एकता, दृढ़ता और अखंड राष्ट्रभाव का संदेश देगी। आयोजन की पूरी जिम्मेदारी निखिल बिष्ट को सौंपी गई है। ज्योति ढौंडियाल तथा मनोज कुमार सह-संयोजक के रूप में उनका सहयोग करेंगे। बैठक का संचालन मोहित लाल साह ने किया। बैठक में मंडी परिषद के सलाहकार मनोज जोशी, सभासद भगवत सिंह रावत समेत निखिल बिष्ट, आशीष बजाज, भूपेंद्र सिंह बिष्ट, मनोज कुमार पवार, खजान सिंह डंगवाल, शैलेन्द्र बर्गली, रितुल कुमार, राहुल नेगी, भारत सिंह मेहरा, अतुल पाल, संतोष कुमार, प्रेम सागर, संतोष साह, युवी करायत, जीवंती भट्ट, दीपिका बिनवाल, प्रेमा अधिकारी, मीरा बिष्ट, रमा भट्ट तथा देवेंद्र बगड़वाल ने विचार रखे।

# दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित

**हल्द्वानी।** पूर्व में बैलपड़ाव में आयोजित बहुउद्देशीय शिविर के दौरान जिलाधिकारी द्वारा यह निर्देश दिए गए थे कि दिव्यांगजन समाज कल्याण की योजनाओं का लाभ उठा सकते हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में वे इससे वंचित रह जाते हैं। इस पर उन्होंने नए प्रयास किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया था। इस संदर्भ में जिला समाज कल्याण अधिकारी नैनीताल ने भी बताया कि विभाग समाज कल्याण की योजनाओं के लिए एक नए सिरे से जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी कर रहा है। इसी क्रम में, पूरन सिंह मोहन सिंह इंटर कॉलेज, कुंव. रपुर हल्द्वानी में एक बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शि. विर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य समाज कल्याण की योजनाओं की जानकारी दिव्यांग. जनों तक पहुँचाना और उन्हें आवश्यक सहायता प्रदान करना था। शिविर में समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों को 12 सहायक उपकरण वितरित किए गए और 100 से अधिक लोगों को विभिन्न समाज कल्याण योजनाओं के बारे में जानक. ारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान एक घटना सामने आई, जिसमें एक मान. सिक रूप से दिव्यांग बच्ची व्हीलचेयर वितरण से वंचित रह गई। जब यह जानकारी जिला समाज कल्याण अधिकारी विश्वनाथ गौतम को दी गई, तो उन्होंने तुरंत कदम उठाया।

## एक नजर

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर जारी किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधारोपण आंदोलन सोमवार को 318वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरु रानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोड़ने के तहत स्लोगन देव भूमि में पर्यटक बनकर आईए पौधा रोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत आदि कैलाश यात्रा द्वितीय दल के यात्रियों को पौधारोपण आंदोलन से जोड़ते हुए उनके माध्यम से पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया गया। यात्रियों ने कहा कि अपनी मांगों को मनाने का यह बहुत सुंदर तरीका है जिसके तहत पर्यटकों से पौधा रोपण कराया जा रहा है। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि उनका पौधारोपण आंदोलन राज्य में एक नजीर बन रहा है।

### आदि कैलाश यात्रियों का भव्य स्वागत

**नैनीताल।** आदि कैलाश यात्रा के दूसरे दल का पिथौरागढ़ स्थित पर्यटक आवास गृह में कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। यात्रियों को माला पहनाकर व जूस पिलाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान यात्रियों को 'एक दिया शहीदों के नाम' के तहत शहीद स्मारक में दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई और 'हिमालय बचाओ अभियान' के अंतर्गत हिमालय शपथ दिलाई गई। यात्रियों ने परिसर में पौधारोपण किया और गूंजी में बन रहे 'यादों के जंगल' के लिए पौधे भी प्राप्त किए। यात्रियों ने यात्रा के साथ पर्यावरण संरक्षण जोड़ने की पहल की सराहना की। दल में 24 महिलाएं और 4 पुरुष शामिल हैं। दल का नेतृत्व सुनील कुमार और निगम की ओर से कोऑर्डिनेटर चंदन सिंह कर रहे हैं। इसके बाद यात्रा दल ने डीडीहाट स्थित आवास गृह में विश्राम किया, जहां उनका पुन: स्वागत किया गया और भोजन की व्यवस्था की गई। स्वागत में निगम के कई अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

### छात्रों ने कुलपति कार्यालय के बाहर किया प्रदर्शन

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना परिसर के विधि संकाय में एक छात्रा का शारी. रिक और मानसिक उत्पीड़न का मामला अब तूल पकड़ने लगा है। सोमवार को पीड़ित छात्रा के समर्थन में छात्र-छात्राओं ने कुलपति कार्यालय के बाहर जमकर प्रदर्शन किया। आरोपी शिक्षिकाओं को निलंबित करने की मांग उठाई। मौके पर प्रदर्शन कर रहे आक्रोशित छात्र-छात्राओं ने कहा कि प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में ऐसी घटना होना दुर्भाग्य पूर्ण है। नाराज छात्रों ने विवि कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट से मुलाकात की। कहा कि बीते दिन विधि संकाय की एक छात्रा पर परिसर के दो शिक्षिकाओं ने दो अन्य छात्रों के साथ मिलकर उसे जबरन कमरे में बंद कर दिया। कमरे में उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया। वहीं, डरा धमकाकर माफीनामा लिखवाया गया। पीड़ित छात्रा के शिकायत के बाद भी अब तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की गई है। छात्रों ने संबंधित शिक्षिकाओं और छात्रों को तत्काल निलंबित करने और उन पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करने की मांग उठाई। कहा कि घटना के रिर ऐसे घटना न हो इसके लिए विवि प्रबंधन को सख्त कदम उठाने होंगे। यहां प्रदर्शन करने वालों में अशोक सिंह, शिवम पंत, संतोष कुमार, आशा साह, ज्योति साह, भावना पांडे, भारती पांडे मौजूद रहीं।

### 90 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

**शांतिपुरी।** कलकत्ता फार्म चौकी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 90 पाउच (लगभग 30 लीटर) अवैध कच्ची शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान गुरदेव सिंह पुत्र सतपाल सिंह, निवासी बसघर, जगतारपुर के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए गुरदेव सिंह के खिलाफ थाना किच्छा में एफआईआर संख्या 156/25, धारा 60 आबक. ारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज किया है। कलकत्ता चौकी प्रभारी उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार पंत ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में नशे के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और किसी भी प्रकार की अवैध गति. विधियों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस टीम में उप निरीक्षक धीरेंद्र कुमार पंत, कांस्टेबल यशपाल आर्य और हरीश मेहरा शामिल रहे।

### नकलमुक्त परीक्षा संचालन पर दिया जोर

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने सोमवार को परीक्षा के दौरान नकलमुक्त एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बाजपुर और काशीपुर क्षेत्र के 6 कॉलेजों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण किए गए कॉलेजों में बाजपुर डिग्री कॉलेज, मयंक कॉलेज ऑफ एजुकेशन, एसडी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, आईएमटी कॉलेज काशीपुर, ज्ञानार्थी मीडिया कॉलेज और राधे हरि कॉलेज काशीपुर शामिल रहे। कुलपति ने परीक्षा कक्षों, सुरक्षा व्यवस्था, प्रश्न पत्र वितरण और अनुशासन की स्थिति का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने छात्रों से संवाद कर परीक्षा से जुड़ी सुविधाओं की जानकारी ली और सभी केंद्रों को नकलमुक्त और पारदर्शी परीक्षा प्रणाली बनाए रखने के निर्देश दिए। प्रो. रावत ने कहा कि विश्वविद्यालय गुणवत्तापूर्ण एवं नैतिक शिक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और भविष्य में भी औचक निरीक्षण जारी रहेंगे।

# वन पंचायत भूमि में बिल्डर ने अवैध रूप से बनाई सड़क

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धारी।** तहसील धारी के ग्राम सुंदरखाल और दीनी मल्ली की वन पंचायत भूमि पर एक बाहरी बिल्डर द्वारा अवैध रूप से सड़क निर्माण का मामला सामने आया है। हैरानी की बात यह है कि यह सब कुछ प्रशासन की नाक के नीचे



हुआ, लेकिन अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं लगी। ग्रामीणों का आरोप है कि क्षेत्र में रात्रि में जेसीबी मशीनें चलाकर निर्माण कार्य किए जा रहे हैं, जबकि प्रशासन इस पर चुप्पी साधे बैठा है। सोमवार को सुंदरखाल और दीनी मल्ली के ग्रामवासियों ने तहसील मुख्यालय पहुंचकर उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि बिल्डर ने तौक दौलतपुर से दीनी मल्ली और सुंदरखाल को जोड़ने वाली जिला पंचायत द्वारा निर्मित सीसी रोड और इंटरलॉकिंग टाइल्स युक्त रास्ते को ध्वस्त कर जेसीबी से नई सड़क बना दी है। ग्रामीणों ने बिल्डर पर वन पंचायत की भूमि को नुकसान पहुंचाने और अवैध निर्माण का गंभीर आरोप लगाया है। इस मामले पर उपजिलाधिकारी इन गोस्वामी ने कहा कि मौके पर तहसीलदार को जांच के लिए भेजा गया है। यदि जांच में वन संपदा को नुकसान की पुष्टि होती है तो संबंधित के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी।

# 17 बीघा सरकारी ज़मीन से अतिक्रमण हटाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** प्रशासन के निर्देश पर आज पूरनपुर में 17 बीघा जमीन से अतिक्रमण को हटाया गया है, कालाढूंगी तहसील द्वारा इस मामले में

**प्रशासन ने कब्जा लिया वापस, पूर्व तहसील प्रशासन पर उठे सवाल**



पांच लोगों को नोटिस जारी किया गया था कि वह सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटा ले, जिसके क्रम में आज खुद अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा जेसीबी से अतिक्रमण को तोड़ा गया है। जिस पर प्रशासन ने अपना कब्जा ले लिया है आपको बता दें तहसील कालाढूंगी के अंतर्गत ग्राम पूरनपुर में 17 बीघा (लगभग 1.060 हेक्टेयर) रोखड़/बंजर भूमि पर अवैध रूप से कब्जा कर बनाई जा रही आवासीय कालोनी पर प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है।

राजस्व विभाग की रिपोर्ट के आधार पर उक्त भूमि को चिन्हित कर कब्जा मुक्त कराया गया है। राजस्व निरीक्षक और उपनिरीक्षक की जांच में सामने आया कि ग्राम पूरनपुर, परगना भावर कोटा में खसरा संख्या 78/1 मध्ये की सरकारी भूमि पर अवैध रूप से कालोनी विकसित की जा रही थी, जिसमें आरसीसी मार्ग भी बना दिया गया था। यह भूमि रोखड़ श्रेणी में आती है, जिस पर किसी भी प्रकार का निजी निर्माण प्रतिबंधित है। तहस. ीलदार कालाढूंगी के आदेश के बाद संबंधित व्यक्ति को नोटिस जारी कर 15 दिनों के भीतर स्वयं अतिक्रमण हटाने और अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर दिया गया है। साथ ही चेतावनी दी गई है कि यदि समयसीमा के भीतर अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन द्वारा जबरन अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी और उस पर आने वाला सारा खर्च संबंधित व्यक्ति से वसूला जाएगा। जिसके बाद कब्जेदारों ने स्वयं जमीन से अतिक्रमण हटा दिया है। इस कार्रवाई के बाद शिकायतकर्ता ने आरोप लगाए हैं कि यह कब्जा पूर्व एसडीएम, तहसीलदार, पटवारी समेत राजस्व कर्मचारियों की देखरेख में हुआ है। उन्होंने मांग उठाई कि उन पर भी कार्रवाई की जानी चाहिए। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अतिक्रमणकारियों में हड़कंप मच गया है। अधिकारियों का कहना है कि सरकारी भूमि पर किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# एनसीसी यूनिट का वार्षिक निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** नैनीताल एनसीसी ग्रुप मुख्यालय के ग्रुप कमांडर कमोडोर बल राजेश सिंह ने सोमवार को नेवल एनसीसी यूनिट का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण की शुरुआत में डीएसबी परिसर के

**कमोडोर बल राजेश सिंह ने की सराहना**



कैडेट्स ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया, जिसे कमोडोर सिंह ने सराहते हुए अनुशासन और तैयारी की प्रशंसा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने रिकॉर्ड, स्टोर, हथियारों, उपकरणों और दस्तावेजों का अवलोकन किया। यूनिट कमांडिंग ऑफिसर कैप्टन चंदर विजय नेगी ने यूनिट की गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यूनिट द्वारा ड्रोन प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है, जिसमें अब तक 100 कैडेट्स और 12 एएनओ/पीआई स्टाफ को प्रशिक्षण दिया गया है। इसके अलावा कुमाऊं विश्वविद्यालय में इनडोर फायरिंग रेंज स्थापित की गई है, जहां नियमित रूप से एयर राइफल और एयर पिस्टल प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कमोडोर सिंह ने इन आधुनिक प्रशिक्षण पहलों की सराहना करते हुए कहा कि यह कैडेट्स की दक्षता और आत्मविश्वास को बढ़ाएगा। उन्होंने कैडेट्स और स्टाफ से संवाद कर नेतृत्व, अनुशासन और सामा. जिक उत्तरदायित्व जैसे मूल्यों को आत्मसात करने का संदेश दिया। निरीक्षण के अंत में उन्होंने यूनिट की कार्यप्रणाली और कैडेट्स के प्रदर्शन पर संतोष जताया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर लेफ्टिनेंट कमांडर अनिल मनहास, सब लेफ्टिनेंट डा. रीतेश साह, प्रशिक्षक विक्रांत, रवि, करमबीर, मुकेश आर्य, राजेश बेनीवाल व प्रशासनिक अधिकारी भगवत सिंह बिष्ट, आरके तिवारी व कमलेश जोशी सहित अन्य अधिक. ारी व प्रशिक्षक मौजूद रहे।

## मौनपालन पर विशेष कार्यक्रम

**नैनीताल।** विश्व मधुमक्खी दिवस पर मंगलवार (आज) को राजकीय मौन पालन केंद्र ज्योलीकोट में मौन पालन से संबंधित विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है जिसमें मौनपालक तथा उद्यानपति और विशेषज्ञ भाग लेंगे। केंद्र की वरिष्ठ किट विद् डा. भावना जोशी ने बताया कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर इस वर्ष के विषय प्रकृति से प्रेरित होकर हम सभी का पोषण करने वाली मधुमक्खियां पर विचार विमर्श और मधुमक्खियों के संरक्षण संवर्धन पर मंथन किया जाएगा और स्टालों के माध्यम से मौन उत्पादों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेशीय मौन परिषद के उपाध्यक्ष गिरीश चंद्र डोभाल होंगे। इसी क्रम में सोमवार को केंद्र में कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न विद्यालयों के प्रतियोगियों ने भाग लिया।

# कुमाऊं विश्वविद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर संगोष्ठी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर, नैनीताल में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय संग्रहालय



दिवस के अवसर पर एक शैक्षिक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम इतिहास विभाग और स्कॉलरली होराइजन मंच के संयुक्त तत्वावधान में हुआ, जिसमें संग्रहालयों की तेजी से बदलते समाज में भूमिका पर विमर्श किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रो. सवित्री कैड़ा जंतवाल ने किया। उन्होंने संग्रहालयों को केवल अतीत के संरक्षण का केंद्र नहीं, बल्कि सांस्कृतिक संवाद और सामुदायिक भागीदारी के मंच के रूप में प्रस्तुत किया। संगोष्ठी में शोधार्थी ऋषभ रावल, आकांक्षा जोशी और डा. रीतेश साह सहित कई वक्ताओं ने संग्रहालयों की प्रासंगिकता, समावेशिता, और आधुनिक तकनीकी उपयोग पर विचार रखे। प्रो. संजय घिल्डियाल ने संग्रहालयों को स्थानीय पहचान और सांस्कृतिक धरोहर के रक्षक बताते हुए कार्यक्रम की अध्यक्षता की। संगोष्ठी में हिमालयी समुदायों के लिए क्षेत्रीय संग्रहालय की संकल्पना पर भी विचार हुआ।

